''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 98 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 09 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# कांग्रेस शासन में प्रदेश में बिजली व्यवस्था बदतर थी, वर्तमान सरकार ने बिजली क्षेत्र में किए सुधार : मुख्यमंत्री

**विपक्ष के नेता पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें फिर किसी पर उंगली उठाएं**

**मुख्यमंत्री की चुनौती, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रणदीप सिंह सुरजेवाला जनता के बीच में आकर तथ्यों के साथ बात करें**

**विपक्ष के नेता झूठ बोलकर जनता को बरगलाने का काम न करें : मुख्यमंत्री**



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिजली बिलों को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे और रणदीप सिंह सुरजेवाला बिजली मंत्री थे, उस समय प्रदेश में बिजली व्यवस्था की हालत बदतर थी। शहरों में पावर कट लगते थे, लोग परेशान थे। जबकि वर्तमान सरकार ने बिजली क्षेत्र में सुधार करते हुए लोगों को 24 घंटे बिजली देने का काम किया है। मुख्यमंत्री आज हिसार में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल कौशिक, विधायक श्रीमती सावित्री जिंदल और श्री रणधीर पणिहार उपस्थित रहे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के नेता पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें फिर किसी पर उंगली उठाएं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रणदीप सिंह सुरजेवाला में तो होड़ लगी है कि कौन विपक्ष का नेता बनेगा। वे तो सिर्फ अपनी हाजिरी लगवा रहे हैं, उन्हें जनता से कोई लेना देना नहीं। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए वर्ष 2013- 14 में जब कांग्रेस सरकार थी उस समय 25 यूनिट तक बिजली की खपत करने पर 200 रुपए का बिल आता था। इसी तरह 50 यूनिट तक 200 रुपए, 100 यूनिट तक 378 रुपए, 150 यूनिट तक 603 रुपए, 200 यूनिट तक 828 रुपए, 250 यूनिट तक 1053 रुपए तथा 300 यूनिट तक बिजली खपत करने पर 1316 रुपए बिल आता था। जबकि हमारी सरकार में आज 2025- 26 में 25 यूनिट तक केवल 55 रुपए का ही भुगतान करना है। इसी तरह, 50 यूनिट तक 110 रुपये, 100 यूनिट तक 245 रुपये, 150 यूनिट तक 443 रुपये, 200 यूनिट तक 705 रुपये, 250 यूनिट तक 968 रुपये तथा 300 यूनिट तक 1230 रुपये का बिल है।

नायब सिंह सैनी ने श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला को चुनौती देते हुए कहा कि वे जनता के बीच में आकर तथ्यों के साथ बात करें। जनता को झूठ बोलकर बरगलाने का काम करने की जरूरत नहीं है। पहले तथ्य जांचें, फिर बोलें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 24 घंटे बिजली देने को वायदे को पूरा किया लेकिन बिलों का बोझ आम जनता पर नहीं डाला। वर्ष 201314 में बिजली कंपनियों पर जितना कर्ज था, हमारी सरकार ने उस कर्ज को भी कम किया और 2027 तक यह कर्ज शून्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों की छत पर 2 किलोवाट तक सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। अब तक 15,000 घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2 किलोवाट तक के कनेक्शन वाले सभी लोग अपने घरों में सोलर पैनल लगवाएं, उनका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा।

**14 अप्रैल को प्रधानमंत्री प्रदेशवासियों को देंगे 2 बड़ी परियोजनाओं की सौगात**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को हरियाणा आ रहे हैं और प्रदेशवासियों को 2 बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे। यमुनानगर में 7272 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 800 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल यूनिट का शिलान्यास करेंगे। यह यूनिट वर्ष 2028 के अंत तक अपने तय समय पर बनकर तैयार हो जाएगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट, हिसार से हवाई सेवाओं की शुरुआत करेंगे। इससे सिर्फ हिसार ही नहीं, बल्कि पंजाब और राजस्थान के बड़े हिस्से को भी लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री इस दौरान हिसार एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट, अयोध्या तक विमान सेवाएं शुरू होंगी, जिससे श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के दर्शन का अवसर मिलेगा। एयरपोर्ट के बनने से आसपास बड़े औद्योगिक यूनिट्स स्थापित होंगे, रोजगार बढ़ेगा और निवेश आएगा।

**विपक्ष को सहन नहीं हो रहा कि राज्य सरकार इतने विकास के काम कैसे कर रही है**

सांसद जय प्रकाश द्वारा एरोड्रम वाले बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद एरोड्रम और एयरपोर्ट का मतलब गुगल कर लें तो उन्हें समझ आ जाएगा। आज हिसार में इतनी बड़ी परियोजना मूर्तरूप ले रही है, यह पूरे हरियाणावासियों के लिए गर्व की बात है, लेकिन विपक्षी दल विकास को देखकर मुरझा गए हैं। उनसे सहन ही नहीं हो रहा कि राज्य सरकार इतने विकास के काम कैसे कर रही है। उन्होंने कहा कि सांसद जिम्मेवारी व्यक्ति हैं, उन्हें तो एयरपोर्ट पर आकर प्रधानमंत्री का स्वागत करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट, हिसार से अभी हफ्ते में 2 दिन हिसार से अयोध्या तक फ्लाइट उड़ेगी। जैसे जैसे बुकिंग अधिक होगी तो फ्लाइट के रूट भी बढ़ाए जाएंगे। हालांकि, पहली फ्लाइट की बुकिंग के लिए 2 घंटे पोर्टल खोला था और 2 घंटे में ही पूरी फ्लाइट फुल हो गई।

हिसार एयरपोर्ट पर सुरक्षा के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट लगभग 7200 एकड़ में है और 2000 एकड़ में चारदीवारी बनाई गई है। निश्चित तौर पर इतने बड़े इलाके में कुछ जानवर हो सकते हैं, लेकिन धीरेधीरे उन सभी जानवरों को सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जा रहा है और जल्द ही इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

**वक्फ बिल पर विपक्ष की राजनीति**

वक्फ बिल पर कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयान के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समाज के साथसाथ हर वर्ग के हित में है। कांग्रेस ने इस कानून को वोट बैंक के लिए हड़बड़ाहट में बनाया, जिसका खामियाजा उन्हें ही भुगतना पड़ा। हरियाणा निकाय चुनावों में कांग्रेस जीरो पर आउट हो गई। दिल्ली चुनावों में भी कांग्रेस तीसरी बार जीरो पर आउट हुई।

**आने वाले बड़े प्रोजेक्ट्स और भविष्य की योजना**

मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि अंबाला एयरपोर्ट से जुड़ी कुछ अनुमतियां शेष हैं, जो जल्द मिल जाएंगी। इसके अलावा भी प्रदेशवासियों को आने वाले समय में कई बड़े प्रोजेक्ट की सौगात मिलने वाली है। पंडित दीन दयाल मेडिकल यूनिवर्सिटी बनकर तैयार है, जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। वहीं, पंडित नेकी राम मेडिकल कॉलेज, भिवानी, कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनकर तैयार है, उसका भी जल्द उद्घाटन होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर की स्थापना करने का निर्णय लिया है, जो अगले 20 वर्षों के विकास की रणनीति तैयार करेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के मकरंद पांडुरंग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेटस के उचित पुनर्वास हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं : पवन यादव

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ।** वार्ड 40 से पार्षद पवन यादव ने बताया कि वार्डवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हमारे वार्ड में बेसहारा पशुओं, बंदरों एवं स्ट्रीट डॉग्स के उचित पुनर्वास हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, जोकि इस प्रकार है।

**स्ट्रीट डॉग्सः** इनकी बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक टीकाकरण (एंटी-रेबीज इंजेक्शन) किया जा रहा है।

**गौ माता एवं सांडः** सड़कों पर आवारा घूमने वाली गौ माता एवं सांड, जो कई बार दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं, उन्हें सुरक्षित रूप से गौशालाओं में भेजा जा रहा है।

**बंदरों का आतंकः** वार्ड में बंदरों की बढ़ती संख्या एवं उनके कारण होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, उन्हें पकड़ने के लिए विशेष जाल लगाए जा रहे हैं। पकड़े गए बंदरों को सुरक्षित रूप से वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।

पार्षद पवन यादव ने कहा कि सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा है ताकि यह प्रक्रिया सुचारू रूप से पूर्ण हो सके और हमारा वार्ड अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बन सके।








# शारीरिक एवं मानसिक सेहत पर गंभीर प्रभाव डालता है बाल विवाह : हेमा कौशिक

## राजकीय माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में बाल विवाह न करने की दिलाई शपथ



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** देश में बाल विवाह की घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को इस परंपरा के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों कि पालना करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला के सरकारी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई जिसके तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ (बाल) और राजकीय माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ (कन्या) में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर बाल विवाह न करने के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर हेमा कौशिक ने बताया कि बाल विवाह के परिणामस्वरूप बच्चे अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाते और उनका व्यक्तिगत विकास रुक जाता है। लड़कियों के मामले में, यह प्रथा उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर गंभीर प्रभाव डालती है। कम उम्र में मां बनने से जच्चा-बच्चा दोनों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, बाल विवाह घरेलू हिंसा, शोषण, और गरीबी के दुष्चक्र को भी बढ़ावा देता है। बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए शिक्षा और जागरूकता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, और परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना इस समस्या का प्रभावी समाधान हो सकता है।

इसके अलावा, सामुदायिक सहभागिता और परंपरागत मान्यताओं में बदलाव लाना भी जरूरी है। इस अवसर पर स्कूली छात्र, अध्यापक और संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नूँह से नौगांव बोर्डर तक सड़क को फोरलेन की स्वीकृति देने के लिए भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने जताया भाजपा का आभार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि नूँह से नौगांव बोर्डर (ह॥-248) सड़क फोरलेन करने की माँग को भाजपा की केन्द्रीय सरकार ने मंजूरी दे दी है। बहुत जल्द इसका टेंडर करके काम शुरू हो जाएगा। इसकी जानकारी खुद केन्द्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने अपने फेसबुक अकाउंट से दी है। ज़ाकिर हुसैन ने मेवात क्षेत्र की इस बड़ी व पुरानी माँग को मंजूर

**नूँह से नौगांव बोर्डर तक सड़क फोरलेन होने से मेवात क्षेत्र के विकास को मिलेगी निरंतर गति : जाकिर हुसैन**

करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी, पूर्व मुख्यमंत्री व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व लोक निर्माण मंत्री



रणबीर गंगवा का तहेदिल से शुक्रिया व आभार जताया है। हुसैन ने कहा कि वे 2014 में जब नूँह से विधायक बनें थे तभी से मेवातवासियों की इस बड़ी मांग को उठाते आ रहे हैं। आखिरकार इस बड़ी माँग को भी केन्द्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह मेवातवासियों के लिए बड़ा खुशी का पल है। इस सड़क के फोरलेन होने से मेवात क्षेत्र के विकास को निरंतर गति मिलेगी। इसके निर्माण से यातायात सुगम होगा और मेवात क्षेत्र को आर्थिक मजबूती भी मिलेगी।




# काशी से ट्रेन से लखनऊ पहुंचे .आर.एस. प्रमुख भागवत

## भारती भवन में 2 घंटे मंथन, नाराज पदाधिकारियों से संवाद किया, लखीमपुर रवाना

**लखनऊ।** संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत काशी के 5 दिवसीय दौरे के बाद मंगलवार सुबह साढ़े 6 बजे ट्रेन से लखनऊ पहुंचे। चारबाग रेलवे स्टेशन से कार से राजेंद्र नगर के भारती भवन के लिए रवाना हुए। यहां अवध प्रांत के पदाधिकारी के साथ बैठक की। इसमें अवध प्रांत के अध्यक्ष कौशल जी के साथ ही अवध कैंट के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर मंथन किया। इसके अलावा, नाराज और पुराने पदाधिकारियों से बातचीत कर उनको समझाया। संघ प्रमुख सुबह 7 से 9 बजे तक भारती भवन में बैठक की। इसके बाद 9 बजे लखीमपुर खीरी के लिए रवाना हुए। वहां कबीरधाम में राष्ट्रीय संत असंग देव महाराज से आशीर्वाद लेंगे। असंग देव कबीरपंथी परंपरा के प्रमुख संत हैं। पूर्वी यूपी, बिहार और मध्यप्रदेश में इनके लाखों अनुयायी हैं। मन ठीक संवाद के तहत संघ प्रमुख ने भारती भवन में ऐसे पदाधिकारियों से मुलाकात की,





जो पिछले कुछ साल से निष्क्रिय हैं। संघ नेतृत्व मानता है कि इन कार्यकर्ताओं को दोबारा सक्रिय करना शताब्दी वर्ष की सफलता के लिए जरूरी है। पुराने और अनुभवी स्वयंसेवकों को दोबारा संगठन में जोड़ा जाएगा। संघ समाज के लिए क्या नया करे, बैठक में इस पर विचार किया गया। संघ अक्टूबर-नवम्बर 2025 से इसे लेकर नया अभियान शुरू करने जा रहा है। इसमें समाज के समर्थन का आभार जताया जाएगा और संघ के इतिहास को घर-घर पहुंचाया जाएगा। डॉ. भागवत की यह यात्रा संघ के शताब्दी वर्ष-2025 के लिए अहम मानी जा रही है। मोहन भागवत की संत असंग देव से मुलाकात को फ्फर की संत समाज के बीच पैठ से जोड़कर देखा जा रहा है। भागवत इससे पहले वाराणसी और मिजार्पुर में भी संतों से मुलाकात की। संघ से जुड़े पदाधिकारियों की मानें तो लखीमपुर जाते समय संघ प्रमुख नेमिषारण्य भी जा सकते हैं। हालांकि, इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद भागवत कानपुर और ब्रज प्रांत जाएंगे। संघ प्रमुख 2022, 2023 में भी आ चुके हैं लखनऊ मोहन भागवत इससे पहले भी कई बार लखनऊ आ चुके हैं। राजनीतिक जानकार मानते हैं- 2022 में उन्होंने लखनऊ में एक बौद्धिक वर्ग को संबोधित किया था। इसमें उन्होंने 'समरस समाज और संगठन' की बात कही थी। वह हर प्रवास में संगठन के कार्यकताओं को दिशा देते हैं। संगठन की नब्ज टटोलते हैं। इस बार उनका लखनऊ दौरा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आर्थिक समूह की बैठक मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निराला नगर स्थित कार्यालय पर होगी। यह बैठक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल की मौजूदगी में होगी। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के अलावा आर्थिक गतिविधियों से जुड़े सरकार के विभागों के मंत्री भी मौजूद रहेंगे। बैठक में आर्थिक समूह से जुड़े विषयों को संघ परिवार से जुड़े संगठन सरकार के मंत्रियों के समक्ष रखेंगे। 5 दिन काशी प्रवास पर रहे संघ प्रमुख, 4 बड़े मैसेज दिएइससे पहले, संघ प्रमुख मोहन भागवत 3 अप्रैल से 7 अप्रैल तक 5 दिन काशी प्रवास पर रहे। भागवत ने काशी में रविवार को शाखा में कहा था- औरंगजेब को आदर्श न मानने वाले भारतीयों का संघ में स्वागत है। शाखा में शामिल होने वाले सभी लोग भारत माता की जय बोलें और भगवा ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करें। उन्होंने कहा- भारतीयों का रहन-सहन, पूजा पद्धति अलग हो सकती है, लेकिन संस्कृति एक है। इससे पहले, 30 मार्च को नागपुर में ढट मोदी ने भागवत से मुलाकात की थी। अपनी 5 दिवसीय काशी यात्रा में भागवत ने हिंदुत्व पर संदेश दिया। कहा- हिंदू समाज के सभी पंथ, जाति, समुदाय साथ आएं। श्मशान, मंदिर और पानी सब हिंदुओं के लिए एक होना चाहिए। इसमें भेदभाव क्यों? संघ का मानना है- महाकुंभ के बाद हिंदुत्व को उभार मिला। 45 दिन में जिस तरह से 66.23 करोड़ लोग पहुंचे। ऐसा लगा कि महाकुंभ ने हिंदुओं की सभी जातियों को एक सूत्र में पिरोया। यह एक हिंदू पुनर्जागरण जैसा भाव देकर गया है। अब संघ चाहता है कि हिंदू दोबारा जातियों में बंटा हुआ न दिखे। सनातन को मजबूत करने के लिए उन्होंने पानी, मंदिर और श्मशान एक करने का मैसेज दिया।

## शिक्षा मनुष्य का सर्वांगीण विकास करती है - अमितेश कुमार



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** हाटा विकास खण्ड के जूनियर हाईस्कूल भठही राजा में मंगलवार को नवागत छात्र-छात्राओं का अभिनंदन व पुरातन विद्यार्थियों को विदाई दी गई। बतौर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी अमितेश कुमार ने कहा कि शिक्षा मनुष्य की अनिवार्य आवश्यकता है। बिना शिक्षा के समाज की परिकल्पना को साकार नहीं किया जा सकता है। शिक्षा के बाद परिवार व समाज के प्रति कर्तव्य व जिम्मेदारी बढ़ जाती है। अध्यक्षता करते हुए जूनियर शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष हाटा देवानंद दूबे ने कहा कि नए विद्यार्थियों के स्वागत व यहां पढ़ाई पूरी करने वालों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम सराहनीय है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण राव ने विद्यालय की उपलब्धियों व मेधावियों के बारे में जानकारी दी। संचालन शिक्षक बिपिन सिंह जी ने किया व आयोजन समिति के अध्यक्ष अमित सिंह ने आये सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुरली मनोहर, रितेश सिंह, धीरज मिश्रा, सुमित राय मौजूद रहे

## गाइड प्रशिक्षण हमें बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा देता है: विनोद मोहन मिश्रा

संवाददाता

**कुशीनगर।** बीएड विभाग, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय स्काउट और गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षक व्यक्तित्व विकास में स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। आज शिक्षण- प्रशिक्षण कार्यक्रम चुनौती के दौर से गुजर रहा है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और गंभीरता में निरंतर क्षरण हुआ है। देश के भावी शिक्षक के रूप में आपकी और हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि इसकी शुभता को बनाए रखते हुए समाज की आवश्यकताओं से तालमेल बैठाए। हम सभी को यह अवश्य




सोचना चाहिए कि क्या मैं शिक्षक बनने योग्य हूँ। यह विचारणीय प्रश्न है कि प्रशिक्षण से भागने वाला छात्राध्यायक सभी कौशलों से युक्त शिक्षक बन पाएगा। आपने बताया कि परिश्रम करने वालों की ही जय जयकार होती है। अतिथियों का स्वागत एवं परिचय प्रशिक्षण शिविर के संयोजक और बीएड विभागाध्यक्ष प्रो विभ्राट चंद कौशिक ने किया। आपने बताया कि स्काउट और गाइड प्रशिक्षण बीएड प्रशिक्षण का अनिवार्य अंग है। इसके बिना बीएड प्रशिक्षण पूरा नहीं हो सकता। अतः आप सभी इस प्रशिक्षण शिविर में पूर्ण मनोयोग से सीखें। रामायण से उद्धरण देते हुए आपने बताया कि सदैव सत्य की जीत होती है। यह प्रसंग हमें सीख देता है कि जहां सत्य होता है, जीत वही होती है। प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्र ने स्काउट और गाइड को संबोधित करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण आपके जीवन का अमूल्य अनुभव होगा। इससे उन अनुभवों को सीखने का अवसर मिलेगा जो जीवन भर आपका मार्गदर्शन करेंगे। यह हमें बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम का संचालन भारत स्काउट और गाइड जनपद कुशीनगर के संयोजक मो. इजहारुल खान ने किया जबकि अतिथियों का आभार ज्ञापन डॉ निगम मौर्य ने किया। इस अवसर पर डॉ दुर्ग विजय पाल सिंह, डॉ विवेक श्रीवास्तव, प्रशिक्षक एन के सिंह, नमिता श्रीवास्तव , स्काउट आदित्य पाण्डेय, तनय समेत बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## कुशीनगर विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन होगा आयोजित



संवाददाता

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के अन्तर्गत बुधवार को गोल्डेन रिजार्ट कसया में कुशीनगर विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। यह बातें भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी व कार्यक्रम संयोजक विश्वरंजन कुमार आनन्द ने कुशीनगर विधायक जन सम्पर्क कार्यालय राम जानकी मठ में मंगलवार को तैयारी बैठक में कहा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाजपा के चुनावी व संगठनात्मक विस्तार विषय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, द्वितीय सत्र भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाए गए परिवर्तन विषय पर विधायक पीएन पाठक और तृतीय सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की यात्रा विषय पर पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय उद्बोधन देंगे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, नगर मण्डल अध्यक्ष आद्या पाण्डेय, कसया देहात मण्डल अध्यक्ष अमरजीत कुशवाहा,साखोंपार युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कुन्दन दूबे, अनुसूचित मोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष बैरिस्टर भारती,अनिल पाण्डेय,संजीव दूबे, सचिन तिवारी आदि उपस्थित थे।

## प्रेमिका से मिलने गए दिव्यांग की हत्या

**फतेहपुर।** मे प्रेमिका से मिलने गए दिव्यांग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। लड़की के घर वालों ने उसे रात भर लाठी-डंडे से जमकर पीटा। प्लास से उसके हाथ-पैरों की उंगलियों के नाखून उखाड़ दिए। शरीर के कई अंगों पर गर्म चिमटे से दाग कर बुरी तरह से जलाया इसके बाद दिव्यांग को अधमरी हालत में उसके पड़ोसी के घर के सामने फेंक दिया। दिव्यांग रात भर दर्द से कराहता रहा। सुबह जब उसके घर वालों को इस बात का पता चला, तो वे लोग मौके पर पहुंचे। तब तक वह जीवित था। लेकिन, घर वाले उसको अस्पताल ले जाने की जगह पड़ोसी से झगड़ा करने में जुट गए। इसी बीच दिव्यांग की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के



लिए भेजा। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर लड़की पक्ष के 6 नामजद और 2 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। सभी आरोपी फरार हैं। मामला गाजीपुर थाना क्षेत्र का है। सामियाना गांव में रहने वाला बीनू रैदास (27) घरों में पीओपी लगाने का काम करता था। 6 साल पहले उसकी शादी गीता देवी से हुई थी। शादी के बाद 2 बेटियां हुईं। गीता के चाचा उमेश रैदास उसके घर से 8 किलोमीटर दूर पहाड़पुर गांव में रहते हैं।

# छात्रा से यौन शोषण का आरोपी कलयुगी गुरु गिरफ्तार, निलंबित

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** थानाक्षेत्र के मल्लुडीह में सोमवार को इंटर कॉलेज के शिक्षक का एक छात्रा के साथ संबंध बनाने का वीडियो वायरल हुआ। जिस पर गुस्साई भीड़ और अभाविप ने मंगलवार को विद्यालय के गेट के सामने से सर्विस रोड पर बैठकर आरोपित टीचर पर कड़ी कारवाई की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया गया। लड़की की पिता द्वारा दिए गए तहरीर पर कारवाई करते हुए आरोपित शिक्षक को पुलिस द्वारा सोमवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया।





मिली जानकारी के मुताबिक कृषक इंटर कॉलेज मल्लुडीह के उप प्रधानाचार्य मैनुद्दीन अंसारी का अपने ही विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा के साथ छेड़छाड़ और संबंध बनाने का वीडियो सोमवार को वायरल हुआ। उप प्रधानाचार्य ने छात्रा को स्काउट गाइड कक्ष में ले गया। जहां कैमरा नहीं लगा हुआ है। किसी ने उप प्रधानाचार्य के कृत्य का वीडियो बना लिया। 4 मिनट का वीडियो सामने आने के बाद मंगलवार को कॉलेज के बाहर एबीवीपी के कार्यकताओं ने अन्य लोगों के साथ प्रदर्शन किया। मौके पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, तीन थानों की पुलिस, सीओ कुंदन सिंह, एसएचओ ओमप्रकाश तिवारी पहुंच गए। कई घंटों के बाद पुलिस अधिकारियों के समझाने पर प्रदर्शन को खत्म कर दिया गया। वही आरोपी शिक्षक को निलंबित भी कर दिया गया है। कार्यवाहक प्रिंसिपल संतोष कुमारा वर्मा को भी डीआईओएस श्रवण गुप्ता ने निलंबित कर दिया। आरोपी पहले भी छात्राओं के साथ कर चुका है अश्लील हरकतः वीडियो सोमवार देर रात सामने आया था। शिक्षक का नाम मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी (50 वर्ष) है। आरोपी आर्ट का शिक्षक है। उसके पिता की साल 1997 में मौत हो गई थी। उनकी जगह पर ही उसको नौकरी मिली है। आरोपी 25 साल से कृषक इंटर कॉलेज में नौकरी कर रहा है। वह मोमिन महासभा का प्रदेश महामंत्री और माध्यमिक शिक्षक संघ का पदाधिकारी भी है। आरोपी ने बॉम्बे आर्ट कॉलेज से आर्ट की पढ़ाई की है। आरोपी के दो बेटे और दो बेटी हैं। एक लड़की और लड़के की शादी हो चुकी है। जांच में पता चला है कि आरोपी शिक्षक पहले भी परीक्षा में अच्छे नंबर देने का लालच देकर छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करता रहा है। मामले में कसया के सीओ कुन्दन सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कुशीनगर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण गुप्ता ने बताया की आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। शिक्षा के मंदिर में ऐसी घटना होना शर्मनाक है। ये बात भी सामने आई है की टीचर की मार्कशीट भी फर्जी है। इसकी भी जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### स्थापना दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

संवाददाता

**कुशीनगर।** भाजपा के स्थापना दिवस पर मंगलवार को पार्टी जिला कार्यालय रविन्द्र नगर में दो दिवसीय विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने किया। प्रदर्शनी में जनसंघ एवं भाजपा के इतिहास, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं प्रदेशाध्यक्षों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त पार्टी के 5 प्रण, संगठन के 7 सूत्र तथा बूथ स्तर पर आयोजित किए जाने वाले 6 अनिवार्य कार्यक्रमों को भी होर्डिंग्स के माध्यम से दशार्या गया है। श्री दुर्गेश राय ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी, जो लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ होकर आज सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वासकी उद्घोषणा के साथ गौरव सम्पन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रही है। आज भाजपा लगभग 13 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। इस प्रकार भारतीय लोकतंत्र के लिए अपेक्षित अखिल भारतीय संगठन एवं नेतृत्व आज केवल भाजपा के पास है। इस अवसर पर जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, डॉ पीएन राय, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, मण्डल अध्यक्ष पडरौना नगर भुवनेश्वर त्रिपाठी, पडरौना देहात रामजीत चौहान, कठकुइंया विजय कुमार सोनी, देवेश मिश्र, अंकुर पाण्डेय सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### 5 महीने के बच्चे को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला

**फरुर्खाबाद।** में 5 महीने के बच्चे को कुत्तों ने नोच-नोचकर कर मार डाला। सोमवार शाम 6 बजे बच्चा चारपाई पर लेटा था। मां खाना बना रही थी, तभी दो कुत्ते आए। उन्होंने बच्चे पर हमला कर दिया। उसकी गर्दन दबोचकर खींचते हुए ले जाने लगे। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर मां दौड़ती हुई पहुंची। लाठी लेकर कुत्तों को दौड़ाया। इसके बाद कुत्ते बच्चे को छोड़कर भागे। बच्चा बुरी तरह से खून से लथपथ पड़ा था। बच्चे के माता-पिता उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, बच्चे के पीठ पर 50 से ज्यादा जख्म थे। खून ज्यादा बहने की वजह से बच्चे की मौत हो गई। पूरा मामला फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर कुटरा का है।पिता राजू ने बताया- धीरज सबसे छोटा था। मेरे 6 बच्चे और भी हैं। इनमें 3 बेटियां- 3 बेटे हैं। सोमवार शाम मैं किसी काम से घर के बाहर गया था। पत्नी घर पर अकेली थी। शाम 6 बच्चे के धीरज को उसकी मां शिखा ने चारपाई पर सुला दिया। खुद खाना बनाने घर में चली गई। बच्चों से उसे देखने के लिए कहा, लेकिन बच्चे खेलने चले गए। इस दौरान गांव के दो आवारा कुत्ते आए। उन्होंने बच्चे पर अटैक कर दिया। कुत्ते बच्चे को खींचकर ले जा रहे थे, मां ने छुड़ायापिता राजू ने बताया- कुत्ते बच्चे को खींचकर ले जा रहे थे, तभी पत्नी पहुंच गई। उसने किसी तरह से बच्चों को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद फोन करके मुझे इसके बारे में बताया।मैं भागता हुआ घर पहुंचा। फिर पत्नी के साथ बच्चे को बाइक से राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।लोहिया अस्पताल में तैनात डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि पांच महीने के बच्चे को अस्पताल लाया गया था। परिजनों ने बताया कि आवारा कुत्तों ने बच्चे पर हमला कर दिया था। जब तक इलाज शुरू होता, बच्चा दम तोड़ चुका था।



### फतेहपुर में किसान नेता, बेटे और भाई की हत्या



**फतेहपुर।** में भारतीय किसान यूनियन नेता, उनके बेटे और भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह बाइक को रास्ता न देने को लेकर उनकी गांव के परिवार से बहस हुई। थोड़ी देर में बहस मारपीट खून-खराबे तक पहुंच गई। हमलावरों ने परिवार को घेरकर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। 20-25 राउंड फायरिंग की गई। एसपी धवल जायसवाल ने बताया- गोलीबारी में भाकियू के जिला उपाध्यक्ष पप्पू सिंह (50), उनके बेटे अभय (22) और पिंकू सिंह (45) की मौके पर मौत हो गई। वारदात के बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और किसान यूनियन के लोग पहुंच गए हैं। सड़क पर जाम लगा दिया है। घटना की सूचना पर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पूरी वारदात जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर हथगाम थाना के अखरी गांव की है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,मंगलवार सुबह करीब 9 की बात है। गांव के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार उर्फ मुन्नू सिंह अपनी बाइक लेकर जा रहे थे। रास्ते में पप्पू सिंह का ट्रैक्टर खड़ा था।उन्होंने रास्ते से ट्रैक्टर हटाने को कहा, लेकिन पप्पू सिंह मना कर दिया। कहा- नहीं हटाएंगे। इस बात पर दोनों की बहस शुरू हो गई। फिर हाथापाई हुई। गाली-गलौच और आवाज सुनकर सुरेश सिंह के परिवार के लोग हथियार लेकर पहुंच गए। पप्पू सिंह के बेटे और भाई भी मौके पर पहुंच गए। पहले दोनों पक्षों में जमकर लात-घूसे चले। इसी बीच सुरेश सिंह के घरवालों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। तीनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। करीब 20-25 राउंड फायरिंग हुई। इससे पूरे गांव दहशत फैल गई। लोग जब तक मौके पर पहुंचे आरोपी फरार हो गए थे।गांव वालों ने बताया- दोनों परिवारों में प्रधानी चुनाव को लेकर रंजिश चल रही है। इस बार के चुनाव में सुरेश सिंह के परिवार को हराकर पप्पू सिंह की मां प्रधान चुनी गई हैं। भाकियू नेता पप्पू सिंह का अभय इकलौता बेटा था। उनकी पत्नी की 15 साल पहले मौत हो चुकी है। पिंकू सिंह खेती-किसानी करते थे। एसपी ने बताया कि मृतकों की मां ने पुलिस को एप्लिकेशन दी है। इसमें गांव के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार उर्फ मुन्नू सिंह और उसके बेटों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य जुटाए। तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## संपादकीय

## कांग्रेस को किस रास्ते पर ले जाना चाहते हैं राहुल गांधी?

बिहार में इसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा का चुनाव होना है। तमाम राजनीतिक दल इस विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। एक तरफ जेडीयू के मुखिया नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन है, जिसमें विधायकों की संख्या के आधार पर बीजेपी नंबर वन की भूमिका में है। वहीं दूसरी तरफ आरजेडी के नेतृत्व में विपक्षी महागठबंधन है,जिसमें कांग्रेस दूसरे नंबर की बड़ी पार्टी है। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि कांग्रेस के नेता विपक्षी गठबंधन के लिए महागठबंधन शब्द की बजाय इंडिया गठबंधन का ही प्रयोग करने लगे हैं।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी अपनी पार्टी के जनाधार को लगातार बढ़ाने के लिए बिहार का दौरा कर रहे हैं। वर्ष 2025 में ही राहुल गांधी अब तक तीन बार बिहार जा चुके हैं। अपने मिशन बिहार के तहत राहुल गांधी सोमवार (7 अप्रैल) को बिहार की धरती पर थे। पिछले कुछ महीनों के दौरान उनकी यात्राओं की बात करें तो यह राहुल गांधी का तीसरा बिहार दौरा था। इससे पहले राहुल गांधी 18 जनवरी और 4 फरवरी को बिहार के दौरे पर गए थे।

लेकिन अपने बिहार दौरे के दौरान, राहुल गांधी ने सोमवार को जिस अंदाज में अपर कास्ट यानी अगड़ी जातियों पर हमला बोला,वो सबके लिए काफी चौंकाने वाला रहा। राहुल गांधी ने कहा कि, इस देश में अगर आप अपर कास्ट के नहीं हैं, तो आप सेकंड क्लास सिटिजन हैं। ये बात मैं यूंही नहीं कह रहा। यह बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने सिस्टम को बहुत गहराई से देखा और समझा है। हमने तेलंगाना में जातिगत जनगणना की और उसके परिणामों को देखते हुए तेलंगाना में आरक्षण बढ़ा दिया। मैंने खुद नरेंद्र मोदी के सामने कहा है कि अगर आपकी सरकार आरक्षण की दीवार नहीं खत्म करेगी तो हम आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा वाली दीवार तोड़ देंगे।

राहुल गांधी यहीं नहीं थमे। उन्होंने अगड़ी जातियों के खिलाफ बाकायदा एक माहौल बनाने की कोशिश करते हुए आगे कहा, हमने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चुनें और ये बहुत जरूरी कदम है। पहले हमारे जिला अध्यक्षों में अपर कास्ट के लोग थे, लेकिन अब नई लिस्ट में दो तिहाई लोग- ईबीसी, ओबीसी, दलित, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग से हैं। मैंने और खरगे जी ने बिहार की टीम को साफ संदेश दे दिया है कि आपका काम- बिहार की गरीब जनता का प्रतिनिधित्व करना है। दलितों, ईबीसी, ओबीसी, गरीब सामान्य वर्ग और महिलाओं को जगह देना है।

बिहार का यह दुर्भाग्य रहा है कि वहां के नेताओं ने बिहार को जातियों के आधार पर खंड-खंड बांटने का काम किया है। रही-सही कसर नीतीश कुमार ने ओबीसी में से ईबीसी और दलितों में से महादलितों को निकाल कर पूरी कर दी है। ऐसे में राहुल गांधी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाने और कांग्रेस के जनाधार को मजबूत बनाने के लिए ओबीसी, ईबीसी, दलित, महादलित और महिलाओं की बात करें, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

राहुल गांधी को शायद यह पता नहीं है या हो सकता है कि उन्हें अब तक उनके करीबी लोगों ने यह नहीं बताया है कि बीजेपी समेत बिहार में चुनाव लड़ रहे तमाम राजनीतिक दलों ने ओबीसी, ईबीसी, दलित और महादलित को जातियों के हिसाब से बांट कर, उस पर अपना कब्जा जमा लिया है। ऐसे में कांग्रेस के लिए वहां बहुत ही कम स्कोप बचता है। कांग्रेस को यह भी याद रखना चाहिए कि अगड़ी जातियों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर, राजनीति का सफर शुरू करने वाली मायावती भी पूर्ण बहुमत हासिल कर अपने दम पर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की मुख्यमंत्री तभी बन पाई थी, जब उन्होंने अगड़ी जातियों को भी बसपा के साथ जोड़ा था।

## सचिव मोरथ से विधायक आफताब अहमद की बैठक, सड़क संबंधी चार महत्वपूर्ण मांगे रखी



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने भारत सरकार के सड़क, परिवहन और हाईवे मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर आईएएस से बैठक कर नूंह जिले की चार महत्वपूर्ण मांगों को पत्र के माध्यम से सौंपकर पूरा करने के लिए कहा है। विधायक आफताब अहमद ने नूंह में नूंह उत्तर दक्षिण बाईपास बनाने की मांग उठाते हुए कहा कि 248ए राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी यातायात के कारण नूंह शहर में आए दिन भारी जाम की स्थिती बन रही है। इसके निजात के लिए शहर में बाईपास बनना समय की मांग है जो पलवल नूंह रोड व होडल नूंह पटौदा मार्ग से होते हुए गुजरेगा। उन्होंने विधानसभा में भी शहर में लगातार लगने वाले जाम का मामला उठाया था। बता दें की पलवल नूंह, होडल नूंह पटौदा, फिरोजपुर झिरका नूंह गुड़गांव मार्गों पर अत्याधिक यातायात के कारण नूंह शहर में जाम की स्थिती बन रही है। दूसरी मांग में विधायक आफताब अहमद ने उजीना व मरोडा में वडोदरा-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर कट देने के लिए कहा है ताकि स्थानीय लोगों को इसका अधिक लाभ प्राप्त हो सके। बता दें कि उजीना में सिर्फ एक कट है जबकि मरोड़ा में कोई कट नहीं है। स्थानीय लोग कई बार इस बाबत धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं।

विधायक आफताब अहमद ने इसके अलावा भादस, मालब गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए पर बाईपास बनाने की मांग रखी है जिसके लिए विधायक ने पत्र सौंपकर सचिव वी उमाशंकर आईएएस से अपील की। उन्होंने नूंह फिरोजपुर झिरका राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन कार्य के साथ साथ बाईपास की मांग दोहराई है। विधायक आफताब अहमद ने हाल ही में सड़क परिवहन व एक्सप्रेस वे मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए नूंह से फिरोजपुर झिरका राजस्थान बॉर्डर तक फोरलेन करने का मुद्दा उठाया था और केंद्रिय मंत्री ने विधायक को आश्वस्त करते हुए पत्र लिखकर मांग को पूरा करने का भरोसा दिया। एक बार फिर विधायक आफताब अहमद ने केंद्रीय मंत्रालय के सचिव से मिलकर नूंह की मांगो को उठाया है और उन्हें सकारात्मक आश्वासन भी मिला है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि दिन प्रतिदिन सड़क पर गाडियों और मुसाफिरों की संख्या बढती जा रही है और जाम जैसी स्थिती सामान्य रूप से बनती हैं जिससे आपातकालीन सेवाओं और मरीजों को भी प्रभावित होना पढता है। इसलिए मंत्रालय के सचिव संग बैठक कर इन चार प्रमुख मांगों को पूरा करने के लिए कहा गया है।

## लगभग 10 करोड रुपए की लागत से कराए जाएंगे विकास कार्य, साधारण बैठक कर लिया निर्णय

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नगर पालिका फिरोजपुर झिरका की साधारण बैठक नपा अध्यक्ष मनीष जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से शहर के सभी पार्षदों द्वारा शहर के विकास कार्यों को लेकर एकजुट दिखाते हुए हरी झंडी दी गई।



जानकारी देते हुए नगर पालिका सचिव राजेश मेहता ने बताया कि शहर के विकास कार्य पार्क, सड़क, सफाई, व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, जेसीबी, ट्रैक्टर, ट्रॉली इत्यादि की खरीद के साथ-साथ शहर में सभी विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के लाभ पात्र लोगों को प्रॉपर्टी प्रमाण पत्र शहर के वार्ड नंबर 9 ,10 और 11 के लोगों को वितरित किए जाएंगे।

शहर के सभी पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड में विकास कार्यों को गति देने की मांग करने के साथ-साथ अन्य नए कार्यों को भी प्रस्ताव में चढ़ावाया ताकि भविष्य में शहर के वार्डों में विकास कार्यों को गति दी जा सके। शहर के सभी 15 पार्षदों की मांगों को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा विकास कार्यों को प्रस्ताव में चढ़ाया गया है।

**नपा की साधरण बैठक में महिला पार्षदों के जगह आये पार्षद पति**

एक तरह तो राज्य सरकार और केंद्र सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए नई-नई योजना ला रही है और महिलाओं को पुरुषों के समान राजनीति में आगे लाने का कार्य कर रही है लेकिन नगर पालिका में पार्षद पतियों ने सरकार की नीतियों को ठेंगा दिखाते हुए स्वयं बैठक में हिस्सा लेते हैं और अधिकारियों पर रोब झड़ते हैं। नाम न छापने की शर्त पर नपा के एक अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका की प्रत्येक बैठक में पार्षद पति हिस्सा लेते हैं महिलाओं को आगे नहीं आने देते और पार्षद पतियों द्वारा अपने चहते मतदाताओं के कार्यों को लेकर नाजायज दबाव बनाया जाता है। ऐसा ही नजारा साधारण बैठक में देखने को मिला जब पार्षद महिलाओं की जगह उनके पार्षद पति बैठे हुए थे। जिन्हें मीडिया के कमरे में कैद कर लिया गया।

## आज सीताराम मंदिर में साढ़े ग्यारह किलो का चढ़ेगा घंटा : चंचल

### बैंड-बाजे ढोल-नगाड़े के साथ निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** किन्नर समाज के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन के चलते आज बुधवार के दिन प्राचीन गढ़ अंदर श्री सीताराम मंदिर प्रांगण में साढ़े ग्यारह किलो का पीतल का घंटा शहर की किन्नरों द्वारा चढ़ाया जाएगा।

उक्त सभी जानकारी फिरोजपुर झिरका एवं पहाड़ी राजस्थान गद्दीपति चंचल ने दी उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह ग्यारह बजे किन्नरों द्वारा चांदी के



मंगल कलश सर पर लेकर बैंड - बाजे, ढोल नगाड़े एवं डीजे के साथ सिविल लाइंस रोड़ पर स्थित जैन वाटिका से चलकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए गढ़ अंदर सीताराम मंदिर पहुंचकर किन्नर समाज के पंच पटेलों की अगुआई में साढ़े ग्यारह किलो का पीतल का घंटा मंदिर परिसर में चढ़ाएंगे और प्रभु से शहर के लिए सुख समृद्धि, विकास एवं रोजगार के लिए प्रार्थना करेंगे। इस शोभायात्रा में जगह - जगहों से आमंत्रित किन्नर नायक घोड़े बगियों में नजर आएंगी। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए अपने गंतव्य स्थान जैन वाटिका पहुंचेगी। इस अवसर शहर के वरिष्ठ लोग जगह -जगह स्वागत करेंगे और किन्नरों से आशीर्वाद लेंगे। गद्दीपति चंचल ने बताया कि इष्ट देवी - देवताओं का आशीर्वाद रहा तो दस साल बाद दोबारा ऐसा ही कार्यक्रम आयोजित शहर के लिए किया जाएगा और भगवान से शहर के लोगों की सुख-समृद्धि, विकास शांति की प्रार्थना की जाएगी।

## विद्या प्रवेश कार्यक्रम को सभी अध्यापक लागू करे : कुसुम मलिक

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आकांक्षी जिला नूँह के लघु सचिवालय मेंनिपुण हरियाणा : हर बच्चा समझे भाषा और गणना अभियान के अंतर्गतडी पी आई यू का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रारंभिक स्तर के विद्यार्थियों में भाषा और गणना की मूलभूत दक्षताओं को सुदृढ़ करना तथा शैक्षणिक अधिकारियों को इस दिशा में प्रभावी रूप से कार्य करने हेतु प्रशिक्षित करना रहा। इस मीटिंग में जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी ,सभी खंडों के बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के कोऑर्डिनेटर, एबीआरसी (असिस्टेंट ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर) और बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) , डी पी आई यू के सदस्यों, स्टेट प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन के सदस्य श्रेयेन ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक के उद्घाटन भाषण से हुई। उन्होंने बताया कि जिले के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों का मूल्यांकन इंडलाइन असेसमेंट - क्षमता आधारित प्रणाली के तहत किया गया, जिसका उन्होंने विस्तारपूर्वक कॉमपिटेंसीज आधारित विचार विमर्श किया । उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि सत्र की शुरुआत से ही साप्ताहिक परीक्षाएं नियमित रूप से कराई जाएं एवं जिन छात्रों की दक्षता अपेक्षित स्तर से कम है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अध्यापकों के सबसे ज्यादा ध्यान है नंबर पैटर्न पर देने की जरूरत है और सभी अध्यापक योजना के तहत अपने उन बच्चों पर ध्यान दें जो कॉमपिटेंसीज में पीछे रहे हैं ताकि सभी बच्चों को निपुण बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा सके। और उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कहा कि वह सभी रिफ्लेक्टिव एक्सरसाइज करें कि उनके खंड में क्या-क्या कमियां रही जिनको आने वाले समय में हम दूर करके बच्चों को निपुण बनाने का लक्ष्य प्राप्त करें।

कार्यशाला में कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन के एसपीएम (स्टेट प्रोग्राम मैनेजर) नरेंद्र जी ने निपुण हरियाणा अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी को सामूहिक रूप से समर्पण भाव से कार्य करना होगा। साथ ही शिक्षकों को शिक्षण विधियों में नवाचार लाकर, शिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाना चाहिए, जिससे बच्चे भाषा और गणित की मूलभूत समझ विकसित कर सकें। इस अवसर पर कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन के एसपीएल (स्टेट प्रोग्राम लीड) चंदन वर्मा और प्रोग्राम लीडर सुमन ने एबीआरसी, सीआरसी और जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन इकाई के सदस्यों को गूगल फॉर्म और एक्सेल शीट के माध्यम से स्कूल स्तर की गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में अन्य विशिष्ट अतिथियों में जिले के खण्ड शिक्षा अधिकारी गीता आर्या, वीरेन्द्र कुमार, नरेश कुमार और शिव कुमार मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त नूह खंड के एफ एल एन कोऑर्डिनेटर अब्दुल वारिश, पुनहाना से मुंशरीफ, फिरोजपुर झिरका से पवन, नगीना से जगतपाल ने आश्वाशन दिलवाया कि वो अपने अपने खंडों में योजना के तहत बच्चों पर काम करेंगे और उन्हें निपुण बनाएंगे।

## राजस्थान से अवैध रूप से कनीना मंडी लाई गई एक ट्रक सरसों काबू

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** मार्केट फीस चोरी कर राजस्थान के तारानगर से कनीना मंडी लायी जा रही 250 क्विंटल सरसों को मार्केट कमेटी के अधिकारियों व सीआईडी कर्मियों द्वारा काबू की गई मार्केट कमेटी के अधिकारियों ने सरसों से लगे ट्रक को कब्जे में लेकर जुर्माना सहित करीब 18000 रुपए की मार्केट फीस वसूल की है बीती 1 अप्रैल को भी सरसों से लदे एक ट्रक को काबू कर मार्केट फीस वसूल की थी मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह ने बताया कि मंगलवार को भी मार्केट कमेटी में सीआईडी के कर्मचारियों ने राजस्थान से कनीना मंडी लाई जा रही एक ट्रक सरसों काबू की है। जिसे अधिकारियों ने अपने कब्जे में लेकर 14875 रूपये की मार्केट फीस तथा 3720 रूपये का जुर्माना ठोका है।

## तीर्थंकर महावीर ने दिया प्राणिमात्र को जिओ और जीने दो का संदेश: जैन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अहिंसा के पथदर्शक भगवान महावीर स्वामी ,जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर का जन्म 2623 वर्ष पूर्व कुंडलपुर में हुआ। पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी रजत जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की पूर्व में जब सारी सृष्टि में हाहाकार मचा हुआ था । जनमानस अपने आचरण से पथ भ्रष्ट होकर अधार्मिक कार्यों में अधिक संग्लन होने लगी तो ईसा से 599 वर्ष पूर्व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी को कुण्डलपुर के राजा सिद्धार्थ व रानी त्रिशला के घर वर्धमान नामक बालक का जन्म हुआ। रजत जैन ने बताया की तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624 वां जन्म कल्याण दिवस मना रहे हैं। जब सृष्टि घोर अंधकार व निराशा के गहरे सागर में डूबी हुई थी तो इस वर्धमान ने जनमानस में नवचेतना,ऊर्जा, उमंग, उत्साह,हर्षोल्लास का संचार किया ।जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म: के मार्ग पर चलकर, समस्त प्राणिमात्र के आत्मकल्याण के लिए, जिओ ओर जीने दो का अमर संदेश दिया व जनमानस को अहिंसा का मार्ग प्रशस्त कर , जनकल्याण की भावना जनजन के मन मे जागृत कर जनता को घोर निराशा, अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश सागर में डूबकी लगवाकर ज्ञान का प्रकाश चहुँओर फैलाया। तीर्थंकर महावीर ने जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताए,(1) अहिंसा,(2) सत्य (3) अपरिग्रह (4) अचौर्य (अस्तेय) (5) ब्रह्मचर्य ।उन्होंने छुआछूत, ऊंचनीच, वैरभाव, भेदभाव के अन्याय को समाप्त करने के लिए कहा की व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से श्रेष्ठ होता है ।रजत ने बताया की भगवान महावीर का आत्मधर्म जगत, प्रत्येक आत्मा के लिए एक समान था ।दुनिया की सभी आत्मा एक ही है, हमे दूसरों के प्रति भी वही विचार रखे ,जो स्वयं को पसंद हो ।30 वर्ष की आयु में धन वैभव, राजशाही, ठाटबाट छोड़कर तपस्वी जीवन धारण कर वैराग्य ले लिया ।बाद में यही बालक वर्धमान,तीर्थंकर महावीर कहलाया ओर जैन धर्म के अंतिम 24वें तीर्थंकर बने ।72वर्ष की आयु में मोक्ष को प्राप्त हुए। प्राणिमात्र को एक दूसरे के प्रति मैत्रीभाव रखना चाहिए।

## गुढा के दादा छाजुवीर आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 15 को

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ रोड स्थित गांव गुढा में आगामी 15 अप्रैल, मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण सुशील भारद्वाज ने बताया कि उनके पिता फतेहचंद भारद्वाज की 22वीं पुण्यतिथि पर दादा छाजुवीर आश्रम गुढा के प्रांगण में आयोजित होने वाले इस समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को रात्री 9 बजे से जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गायक कलाकार धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें। 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से सांय 5 बजे तक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा जिसमें गुरूगाम के निजी अस्पाल के चिकित्सक अपनी सेवाएं देगें। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन होगा जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## मंगलवार को कनीना में दूसरे दिन भी जारी रही खाद-बीज विक्रेताओं की हडताल

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कीटनाशक एवं बीज संसोधन विधेयक को लेकर कनीना के खाद-बीज विक्रेताओं ने मंगलवार को दूसरे दिन भी अपने व्यापारिक संस्थान बंद कर विरोध जताया। खाद बीज एसोसिएशन के प्रधान कुलदीप यादव ने बताया कि जब सरकार की ओर से विधेयक पर पुर्नविचार करने का फैसला नहीं लिया जाता तब तक उनकी हडताल जारी रहेगी। खाद-बीज विक्रेता महेश बोहरा, भूनेष कुमार, आलोक कुमार, वीरेन,कपिल, चंचल, विपिन ने बताया कि सरकार का यह फैसला उनके हित में नहीं है। जिसे लेकर प्रदेशभर के खाद-बीज विक्रेताओं द्वारा विरोध जताया जा रहा है। दूसरी ओर रबि फसल कटाई के बाद किसान ज्वार,कपास,नरमा व हरा चारा की बिजाई करने के लिए बीज की तलाश में घूम रहे हैं। दुकानदारों ने पेसटिसाइड व खाद-बीज को धारा 19 ए से जोडने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि स्थाई समाधान न होने तक उनकी हडताल जारी रहेगी।

## कनीना मंडी में बढने लगी गेहूं की आवक

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** कनीना की पुरानी मंडी में गेहूं की आवक बढने लगी है। खरीद एजेंसी फूड सप्लाई की ओर से सोमवार को पहले दिन 2236 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई वहीं मंगलवार को दूसरे दिन 118 किसानों का 4073 क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीद की गई। खरीद अधिकारी ध्यान सिंह ने बताया कि मंडी में गेहूं खरीद की समुचित व्यवस्था की गई है। गेहूं खरीद के 72 घंटे में किसानों को भुगतान किया जाएगा। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू करने की घोषणा की गई थी। लेकिन फसल कटाई के चलते गेहूं मंडी में नहीं पंहुच सका था। सोमवार से खरीद कार्य प्रारंभ हुआ। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए मंडी में सभी बंदोबस्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एमएफएमबी पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा मंडी में फसल लेकर आने पर उन्हें कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। एमएसपी 2425 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंडी में साफ-सफाई, टॉयलेट, बिजली व पेयजल का प्रबंध किया गया है। इस मौके पर फूड सप्लाई विभाग के एएफएसओ केसर सिंह, निरीक्षक रमेश कुमार के अलावा नरेंद्र यादव, अशोक कुमार, रविंद्र बंसल उपस्थित थे।

**सरसों की 98 हजार क्विंटल की हुई आवक :** मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह ने बताया कि कनीना की नयी आनाज मंडी चेलावास में सरसों खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस द्वारा की जा रही है। मंगलवार तक 98 हजार क्विंटल सरसों की आवक हुई है तथा 75376 की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि उठान कार्य धीमा होने की वजह से मंडी ब्रेक होने की संभावना बन रही है। मार्केट कमेटी की ओर से इस बारे में उच्च्व अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया गया है। सरसों की खरीद एनसीसीएफ,नैशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन के माध्यम से स्टेट वेयर हाउस द्वारा की जा रही है। स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमासिंह ने बताया कि सरसों को रेवाडी गोदाम में भेजा जाएगा जिसके लिए अनुमति मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि एमएसपी 5950 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों की खरीद की जा रही है।

## ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### म्यांमार के मांडले में चीनी अंतर्राष्ट्रीय बचाव टीम का चिकित्सा दौरा जारी

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी सेना की भागीदारी से गठित चीनी अंतर्राष्ट्रीय बचाव दल ने 5 अप्रैल को म्यांमार के मांडले शहर में अपना चिकित्सा दौरा जारी रखा, तथा रोग जांच, चिकित्सा परामर्श, दवा मार्गदर्शन, दवा वितरण और ज्ञान प्रसार के माध्यम से आपदाग्रस्त क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को शून्य दूरी निदान और उपचार सेवाएं प्रदान कीं। मांडले मेडिकल यूनिवर्सिटी के निकट पुनर्वास स्थल पर, बचाव दल के चिकित्सा सदस्यों ने चीन द्वारा स्वतंत्र रूप से विकसित मोबाइल डायग्नोस्टिक और उपचार उपकरणों का उपयोग किया, जैसे कि हैंडहेल्ड अल्ट्रासाउंड, पोर्टेबल एक्स-रे मशीन और बेडसाइड इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम मशीन, और मौके पर तत्काल आवश्यक दवाएं वितरित कीं। मांडले पैलेस के निकट पुनर्वास स्थल पर, चिकित्सा दल के सदस्यों ने आम स्थानीय बीमारियों के प्रति लक्षित उपाय लागू किए, विशेष रूप से श्वसन, पाचन और प्रतिरक्षा प्रणाली सम्बंधी बीमारियों के लिए दवा पर मार्गदर्शन प्रदान किया, जो आपदा क्षेत्र के उच्च तापमान वाले वातावरण में प्रचलित हैं। उन्होंने श्वसन तंत्र के रखरखाव और दीर्घकालिक रोग प्रबंधन जैसी सामान्य बीमारियों पर लक्षित रोकथाम शिक्षा भी दी, जिससे स्थानीय लोगों को अपनी आत्म-देखभाल क्षमताओं में सुधार करने में मदद मिली। सूत्रों के मुताबिक, चिकित्सा क्लिनिक टीम बचाव दल के 10 से अधिक चिकित्सा विशेषज्ञों से बनी है, जो आंतरिक चिकित्सा, सर्जरी, स्त्री रोग और बाल रोग सहित 14 नैदानिक और उपचार विषयों को कवर करती है।

### वेटिकन में लोगों से मिले पोप फ्रांसिस, अस्पताल से डिस्चार्ज होने के दो हफ्ते बाद पहली बार सबके सामने आए

**रोम, एजेंसी।** पोप फ्रांसिस अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पहली बार रविवार को वेटिकन में सार्वजनिक रूप से दिखाई दिए। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के दो हफ्ते बाद वे पहली बार लोगों के सामने आए थे। 88 साल के पोप व्हीलचेयर में बैठे थे और सांस लेने में मदद के लिए उनकी नाक में एक ट्यूब लगा हुआ था। वेटिकन के सेंट पीटर्स स्क्वायर में उन्होंने लोगों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया और कहा 'सभी को रविवार की शुभकामनाएं। बहुत-बहुत धन्यवाद। पोप की आवाज अभी भी कमजोर थी लेकिन पहले से बेहतर थी। पोप को फरवरी में निमोनिया हो गया था, जिसके बाद उन्हें पांच हफ्तों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। 14 फरवरी को उन्हें रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती किया गया था। शुरू में उन्हें गंभीर सांस की समस्या थी, लेकिन बाद में पता चला कि उन्हें फेफड़ों में संक्रमण हो गया है, जो दोनों फेफड़ों में निमोनिया में बदल गया। डॉक्टरों के मुताबिक, इस बीमारी के दौरान उनकी हालत काफी नाजुक हो गई थी और वे मृत्यु के करीब पहुंच गए थे। 23 मार्च को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली और वे वेटिकन स्थित अपने आवास में आराम करने के लिए लौटे। डॉक्टरों ने कहा था कि उन्हें पूरी तरह ठीक होने में कम से कम दो महीने लग सकते हैं।

### ट्रंप ने रूस की बमबारी पर तोड़ी चुप्पी, कहा- ये तरीका ठीक नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने एक बार फिर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से युद्ध रोकने की अपील की है. ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा, हम रूस से बात कर रहे हैं. हम चाहेंगे कि वे रुकें. मुझे यह पसंद नहीं है कि वे लगातार बमबारी करें और हर हफ्ते हजारों युवा मारे जाएं. बता दें कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस द्वारा युद्ध विराम प्रस्ताव ठुकराने के बाद अमेरिका से कड़ी प्रतिक्रिया की मांग की है. उन्होंने कहा, हम संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं. अब तक, कोई जवाब नहीं आया है. जेलेंस्की का कहना है कि उनका देश पहले ही बिना शर्त 30 दिनों के युद्ध विराम के लिए ट्रंप के प्रस्ताव को मान चुका है. वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने भी रूस की आलोचना की और कहा कि यदि रूस युद्ध रोकने से इंकार करता है, तो उस पर सख्त कदम उठाए जाने चाहिए. उन्होंने कहा, रूस नागरिकों के लिए कोई सम्मान नहीं दिखा रहा और नई तीव्रता से हमले कर रहा है. युद्ध को जल्द से जल्द रोका जाना चाहिए. हाल के दिनों में रूस ने मिसाइल और ड्रोन से यूक्रेन पर भीषण हमले किए हैं. कीव में दो लोगों की मौत हो गई और सात घायल हुए. यूक्रेन की उप प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीडेन्को ने बताया कि देशभर में बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से बड़े पैमाने पर हमला हुआ है।

### कीव पर रूसी हमले में एक की मौत, पहले हुए मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या 20 हुई

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रविवार को रूसी हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि मध्य यूक्रेनी शहर क्रीवी रीह पर शुक्रवार को हुए हमले में मरने वालों की संख्या में वृद्धि जारी है। मेयर विताली क्लित्स्को ने बताया कि कीव के डार्नित्स्की जिले में हमले के केंद्र के पास व्यक्ति का शव मिला। हमले में तीन लोग घायल हो गए तथा कई गैर-आवासीय क्षेत्रों में आग लग गई और कारों और इमारतों को नुकसान पहुंचा है। सोशल मीडिया पर दिए गए एक बयान में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के बढ़ते हमले दर्शाते हैं कि मॉस्को पर अब भी पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय दबाव नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह ही यूक्रेन पर 1,460 से अधिक गाइडेड हवाई बम, लगभग 670 हमलावर ड्रोन और 30 से अधिक मिसाइलें दागी हैं। जेलेंस्की ने कहा, ये हमले सभी अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक कोशिशों को (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन का जवाब है।

## खैबर पख्तूनख्वा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, पाकिस्तानी सेना ने आठ आतंकियों को मार गिराया, चार घायल

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान की सीमा से खैबर पख्तूनख्वा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे आठ आतंकियों को मार गिराया। जबकि चार आतंकी घायल हो गए। आतंकी प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बताए जा रहे हैं। पिछले एक साल में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। सेना की मीडिया सेल ने बताया कि पांच-छह अप्रैल की रात को पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से घुसपैठ की कोशिश कर रहे ख्वारिज के एक समूह (आतंकियों) को उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल के सामान्य क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने पकड़ा। इस दौरान भीषण गोलीबारी में आठ आतंकी मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान की इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन ने कहा कि पाकिस्तान लगातार अफगान सरकार से सीमा के अपने हिस्से पर प्रभावी सीमा प्रबंध करने के लिए कह रहा है। उम्मीद है कि काबुल अपने दायित्वों को पूरा करेगा और टीटीपी द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी कृत्यों को अंजाम देने के लिए अफगान धरती के इस्तेमाल को नकार देगा। आईएसपीआर ने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने और देश से आतंक के खतरे को मिटाने के लिए संकल्पित हैं। सेना ने कहा कि क्षेत्र में पाए जाने वाले किसी भी आतंकियों को खत्म करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है।



**पिछले महीने मारे गए थे 16 आतंकी :** मार्च में अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे कम से कम 16 आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। इससे पहले पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में फ्रंटियर कॉर्प्स कैंप के चेकपोस्ट पर आतंकी हमले को नाकाम कर दिया और 10 आतंकवादियों को मार गिराया था।

**आतंकी हमलों में हुआ इजाफा :** पाकिस्तान में पिछले महीने आतंकी हमलों में इजाफा हुआ है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में देश में आतंकी हिंसा और सुरक्षा अभियान तेज हो गए और नवंबर 2014 के बाद पहली बार आतंकी हमलों की संख्या 100 को पार कर गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि खैबर पख्तूनख्वा में 206 लोग मारे गए, जिनमें 49 सुरक्षाकर्मी, 34 नागरिक और 123 आतंकी शामिल हैं। जबकि 115 घायल हुए, जिनमें 63 सुरक्षाकर्मी और 49 नागरिक शामिल हैं। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है, जहां आतंकी हमलों में मौतों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 45 प्रतिशत बढ़कर 1,081 हो गई है।

**अमेरिका पर टूटा प्रकृति का कहर, कई दिनों की बारिश से बाढ़ का खतरा, तूफान में हो चुकी है 18 लोगों की मौत : वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के दक्षिणी और मध्य पश्चिमी इलाके पहले से ही बाढ़ से जूझ रहे हैं। अब कई दिनों से हो रही भारी बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और इससे बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है। इससे उन समुदायों पर खतरा बढ़ गया है, जो पहले से ही भारी बारिश और आंधी के कारण परेशान है। बता दें कि तूफान और बारिश से अमेरिका के दक्षिणी और मध्य पश्चिमी इलाकों में कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है। लोगों के घरों में भरा पानी अर्कांसस, टेनेसी और केंटकी सबसे ज़्यादा प्रभावित इलाके हैं और यहां लोगों के घरों में पानी घुस गया है और सड़कें जलमग्न हो गई हैं। केंटकी के फ्रैंकफर्ट में सड़कों पर नाव चलती दिखाई दी। केंटकी नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। रविवार को नदी का जलस्तर 47 फीट तक बढ़ गया। फ्रैंकफर्ट शहर के मेयर ने बताया कि शहर की दीवार 51 फीट तक ऊंची बाढ़ का सामना करने के लिए डिजाइन की गई है। अलबामा, जॉर्जिया और फ्लोरिडा में रविवार को पूरे दिन बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इससे लोगों में डर का माहौल है।

**तूफान में अब तक 18 की मौत :** बुधवार से शुरू हुए तूफान और बारिश में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से 10 लोगों की मौत टेनेसी में हुई है। मिसौरी में एक स्वयंसेवी फायर फाइटर की भी एक दुर्घटना में मौत हो गई। केंटकी में पांच लोगों की जान गई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा का कहना है कि कई राज्यों में बाढ़ आने का खतरा है। पहले से ही बाढ़ झेल रहे इलाकों में बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि भारी बारिश और बाढ़ के लिए गर्म तापमान, अस्थिर वातावरण और खाड़ी से आने वाली नमी है।

## बांग्लादेश में बर्खास्त बीडीआर जवानों का प्रदर्शन, नौकरी बहाली और मुआवजे की मांग



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश राइफल्स (बीडीआर) के सैकड़ों बर्खास्त जवानों ने रविवार को ढाका में प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने नौकरी की बहाली और मुआवजे की मांग उठाई। यह प्रदर्शन बीजीबी (बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) मुख्यालय के पिलखाना गेट के सामने किया गया। प्रदर्शनकारियों में अधिकतर वे जवान शामिल थे, जिन्हें 2009 की पिलखाना हत्याकांड के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उस हत्याकांड में कुल 74 लोग मारे गए थे, जिनमें 57 सैन्य अधिकारी शामिल थे।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस, सेना और बीजीबी बल तैनात किए। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारी बीजीबी मुख्यालय के सामने फुटपाथ पर बैठे हैं और हम उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। बांग्लादेश की स्थानीय अखबार प्रोथोम अलो की रिपोर्ट के अनुसार, 25 फरवरी 2009 को बीडीआर वीक के दौरान पिलखाना मुख्यालय के दरबार हॉल में सैकड़ों जवानों ने हथियारबंद विद्रोह किया था। बाद में बातचीत के माध्यम से यह विद्रोह शांत कराया गया और हथियार, गोला-बारूद तथा ग्रेनेड सरकार को सौंप दिए गए। इस मामले में अब तक 152 लोगों को मौत की सजा, जबकि 423 को कैद की सजा सुनाई गई है। साथ ही, 5,926 जवानों को 57 अलग-अलग मामलों में चार महीने से सात साल तक की कैद की सजा दी गई है। हाल ही में ढाका में हुए एक स्मृति समारोह में बांग्लादेश सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने इस मामले की निष्पक्ष सुनवाई में बाधा न डालने की अपील की थी। उन्होंने दोहराया कि यह जघन्य कांड तत्कालीन बीडीआर के जवानों द्वारा ही अंजाम दिया गया था।

## बांग्लादेश की यूनुस सरकार का भारत विरोधी एजेंडा सामने आया

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया जारी है। BIMSTEC समिट में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी यूनुस सरकार ने चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक जगहों पर अहम प्रोजेक्ट सौंप दिए हैं। इनमें एक पोर्ट और एक एयरबेस शामिल है। बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है। यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपए) देने का वादा किया है। वहीं, बांग्लादेशी सरकार लालमोनिरहाट जिले में एक सैन्य एयरबेस बना रही है, जो भारत के चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर से सिर्फ 120 किमी दूर है। इस एयरबेस के लिए बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है ताकि वे पाकिस्तानी जेएफ-17 फाइटर जेट्स उड़ाना सीख सकें। 27 मार्च को पांच अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा भी गया। चीन और पाकिस्तान दोनों की मौजूदगी भारत के लिए खतरा चीन पहले ही बांग्लादेश को पनडुब्बी दे चुका है और अब वह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान के साथ मिलकर बांग्लादेश की ये सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं।

## ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने बलात्कार, बाल यौन अपराध के आरोप में सांसद को किया निलंबित

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी ने अपने सांसद डैन नॉरिस को निलंबित कर दिया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन पर बलात्कार, बाल यौन अपराध, बाल अपहरण और सार्वजनिक पद पर कदाचार के संदेह हैं, जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया है। नॉरिस वर्तमान में वेस्ट ऑफ इंग्लैंड के मेयर होने के साथ-साथ सांसद भी हैं। निलंबन का मतलब है कि नॉर्थ ईस्ट समरसेट और हनहम के सांसद नॉरिस से पार्टी व्हिप भी छीन लिया गया है, जिसका सीधा प्रभाव यह होगा कि वह हाउस ऑफ कॉमन्स में लेबर सांसद के रूप में नहीं बैठ पाएंगे।

पार्टी के एक प्रवक्ता ने शनिवार रात उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा, सांसद डैनी नॉरिस को उनकी गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर लेबर पार्टी ने तुरंत निलंबित कर दिया। जब तक पुलिस जांच जारी है, हम इस पर और कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। एवन और समरसेट पुलिस ने कहा कि वह 60 वर्ष के एक व्यक्ति के खिलाफ कई आरोपों की जांच कर रही है।

पुलिस ने कहा कि ज्यादातर अपराध 2000 के दशक में घटित हुए हैं, साथ ही यह भी बताया कि वे 2020 के दशक में हुए एक कथित बलात्कार के अपराध की भी जांच कर रहे हैं। एवन और समरसेट पुलिस ने एक बयान में कहा, दिसंबर 2024 में, हमें एक अन्य पुलिस बल से एक लड़की के खिलाफ कथित तौर पर हाल ही में किए गए बाल यौन अपराध से संबंधित एक रेफरल प्राप्त हुआ।



बयान के अनुसार, अधिकांश अपराध 2000 के दशक में हुए बताए गए हैं, लेकिन हम 2020 के दशक के बलात्कार के एक कथित अपराध की भी जांच कर रहे हैं। हमारी समर्पित बलात्कार और गंभीर यौन उत्पीड़न जांच टीम, ऑपरेशन ब्लूस्टोन के अधिकारियों के नेतृत्व में जांच जारी है और शुरुआती चरण में है। पीड़िता को सहायता दी जा रही है और उसे किसी भी विशेष मदद या समर्थन तक पहुंच प्रदान की जा रही है, जिसकी उसे जरूरत है।

बयान के अनुसार, शुक्रवार (4 अप्रैल) को 60 वर्ष की आयु के एक व्यक्ति को एक लड़की के खिलाफ यौन अपराध (यौन अपराध अधिनियम 1956 के अंतर्गत), बलात्कार (यौन अपराध अधिनियम 2003 के अंतर्गत), बाल अपहरण और सार्वजनिक कार्यालय में दुर्व्यवहार के संदेह में गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया है, पूछताछ जारी रखने के लिए उन्हें सशर्त जमानत पर रिहा किया गया है। यह एक सक्रिय और संवेदनशील जांच है, इसलिए हम लोगों से सम्मानपूर्वक अनुरोध करते हैं कि वे परिस्थितियों पर अटकलें न लगाएं, ताकि हमारी पूछताछ बिना किसी बाधा के जारी रह सके।

## गाजा में इजराइली हमले में 32 लोग मारे गए, मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं

**गाजा पट्टी, एजेंसी।** गाजा पट्टी पर इजराइली हमलों में एक दर्जन से अधिक महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 32 लोग मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भेंटवार्ता करने के लिए अमेरिका गये हैं। इजराइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त कर दिया था तथा हवाई और जमीनी हमले पुनः शुरू कर दिए थे।

उसने ताबड़तोड़ हमला करते हुए क्षेत्रों पर कब्जा किया था ताकि उग्रवादी संगठन पर नए युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करने तथा शेष बंधकों की रिहाई के लिए दबाव बनाया जा सके। रविवार रात को किए गए नवीनतम इजराइली हमलों में दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक तम्बू और एक घर को निशाना बनाया गया, जिसमें पांच पुरुष, पांच महिलाएं और पांच बच्चे मारे गए।

नासेर अस्पताल ने यह जानकारी दी जहां ये शव लाये गये थे। मारे गए लोगों में एक महिला पत्रकार भी शामिल है। जान गंवाने वाली पत्रकार की मां अमल कास्कीन ने कहा, ''मेरी बेटी निर्दोष है। उसका इसमें कोई हाथ नहीं था, वह पत्रकारिता से प्यार करती थी और उसे बहुत पसंद करती थी।'' गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में इजराइली गोलाबारी में कम से कम चार लोग मारे गए। उधर, मध्य गाजा के दीर अल-बला में अल-अक्सा शहीद अस्पताल में एक बच्चे और तीन महिलाओं समेत पांच लोगों के शव लाये गये।



युद्ध-विरोधी प्रदर्शनों के नए दौर के तहत दर्जनों फलस्तीनी जबालिया की सड़कों पर उतर आए। सोशल मीडिया पर प्रसारित फुटेज में लोगों को हमास के ख़िलाफ़ मार्च करते और नारे लगाते हुए देखा जा सकता है। नेतन्याहू सोमवार को ट्रंप से दूसरी बार मिलेंगे। ट्रंप ने जनवरी में अपना नवीनतम कार्यकाल संभाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह युद्ध और इजराइल पर लगाए गए नए 17 प्रतिशत शुल्क पर चर्चा करेंगे।

## इरान समर्थित कुख्यात मिलिशिया समूह ने ट्रंप की धमकी से घबराकर डाले हथियार !

**बगदाद, एजेंसी।** ईरान समर्थित कट्टरपंथी शिया मिलिशिया समूह पहली बार अपने हथियार डालने को तैयार हैं। यह फैसला उस समय आया है जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाली सरकार ने इराक सरकार को साफ शब्दों में चेतावनी दी है यदि इन समूहों को नहीं रोका गया, तो अमेरिकी सेना हवाई हमले करेगी। रॉयटर्स ने मिलिशिया ग्रुप के 10 वरिष्ठ कमांडरों और इराकी अधिकारियों ने बताया कि कटाएब हिजबुल्लाह, नुजबा, कटाएब सैय्यद अल-शुहदा और अंसारुल्लाह अल-अवफिया जैसे प्रमुख गुट अब ट्रंप के सख्त रुख से घबराकर पीछे हटने को मजबूर हो गए हैं। एक मिलिशिया कमांडर ने बताया, ट्रंप हमसे युद्ध को अगले खतरनाक स्तर पर ले जाने को तैयार है। हम ऐसा भयानक परिदृश्य टालना चाहते हैं। ईरान की सलाह पर बनी बात सूत्रों के मुताबिक, ईरान की ताकतवर सैन्य शाखा ढ्ढक्रत्नष्ट ने भी इन गुटों को सलाह दी है कि वे ज़रूरत पड़ने पर शांति का रास्ता चुन सकते हैं। इराक में इन सभी मिलिशिया का संगठनात्मक नाम है इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक, जिसमें करीब 50000 लड़ाके शामिल हैं और इनके पास लंबी दूरी की मिसाइलें व एंटी-एयरक्राफ्ट हथियार भी हैं। इराकी प्रधानमंत्री मुहम्मद शिया अल-सुदानी खुद इन समूहों के नेताओं से बातचीत में जुटे हैं। उनके सलाहकार फरहाद अलाउद्दीन ने कहा, हम चाहते हैं कि देश की सारी ताकतें केवल राज्य के नियंत्रण में रहें। सूत्रों का दावा है कि कुछ गुट पहले ही मोसुल और अंबार जैसे शहरों से अपने मुख्यालय खाली कर चुके हैं और गुप्त रूप से गतिविधियां कम कर दी हैं। कई कमांडरों ने अपने मोबाइल नंबर, वाहन और ठिकाने बदल दिए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा, ये ताकतें इराक के कमांडर-इन-चीफ को जवाबदेह हों, न कि ईरान को। हालांकि, अमेरिका को अभी भी संदेह है कि यह स्थायी समाधान होगा या अस्थायी चुप्पी। कौन है मिलिशिया समूह और अमेरिका क्यों थपरेशान ईरान वर्षों से मध्य पूर्व में अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए कई मिलिशिया (सशस्त्र गुटों) को समर्थन देता रहा है। ये समूह अक्सर ईरान की सैन्य शाखा आईआरजीसी और उसकी खास शाखा कुद्स फोर्स के अधीन काम करते हैं। इन मिलिशिया गुटों ने इराक और सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डों और काफिलों पर बार-बार मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। इन हमलों में कई अमेरिकी सैनिक घायल या मारे गए। अमेरिका चाहता है कि ईरान का प्रभाव इराक, सीरिया, लेबनान जैसे देशों में सीमित हो, जबकि ईरान अपने प्रॉक्सी गुटों के ज़रिए पूरे इलाके में दबदबा बनाना चाहता है।

## मंदी के आसार, बाजारों में हाहाकार, पर टस से मस नहीं हो रहे ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ वॉर को लेकर अपनी मंशा एक बार फिर साफ कर दी है। ट्रंप ने टैरिफ लगाने वाले फैसले पर पीछे हटने से इनकार करते हुए कहा कि वह इस फैसले को तब तक रद्द नहीं करेंगे, जब तक यह देश अमेरिका के साथ अपने व्यापार को संतुलित नहीं कर लेते। ट्रंप ने अपनी योजना पर जोर देते हुए कहा कि यह अमेरिका को आगे बढ़ाने का काम करेगी।

ट्रंप भले ही इसे एक बेहतर योजना मान रहे हों लेकिन दुनिया भर के बाजरों में इसके विरुद्ध ही प्रतिक्रिया ही देखने को मिली है। अमेरिकी शेयर बाजार भी कई प्वाइंट्स नीचे आ गया है। राष्ट्रपति ट्रंप से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस टैरिफ फैसले को शेयर बाजार के लिए एक दवा करार दिया। एयरफोर्स वन में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि मैं नहीं चाहता कि वैश्विक बाजार या अमेरिकी बाजार गिरे.. लेकिन आप देखेंगे कि इसमें बड़े पैमाने पर बिक्री भी हो रही है। कभी-कभी आपको किसी चीज को या बीमारी को ठीक करने के लिए दवा लेनी पड़ती है। यह टैरिफ फैसला भी ठीक उसी दवा की तरह ही है। राष्ट्रपति ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब उनके एक फैसले की वजह वैश्विक बाजार में हाहाकार मचा हुआ है। सोमवार को अमेरिकी बाजार समेत दुनिया भर के बाजार एक बार फिर से गिरने के लिए तैयारी कर रह हैं। हालांकि ट्रंप के समर्थकों ने बाजार की चिंताओं को यह कहकर शांत करने की कोशिश की है कि कम से कम पचास देशों ने टैरिफ हटाने के लिए बातचीत शुरू करने के लिए संपर्क किया है। जल्दी ही इस पर नया फैसला आएगा।

ट्रंप ने कहा कि दुनिया के कई देशों के नेता अमेरिका के साथ इस मुद्दे पर बात करने की कोशिश कर रहे हैं। वह डील करने चाहते हैं लेकिन मैंने उनसे साफ-साफ कह दिया है कि हम आपके साथ व्यापारिक घाटा लेकर व्यापार नहीं कर सकते.. आखिर यह हमारी अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है।



दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन की तरफ से बताया गया कि बुधवार से आयातों पर उच्च दरें वसूल करना शुरू कर दिया जाएगा। इससे आर्थिक अनिश्चितता का एक नया दौर शुरू हो रहा है, जिसका कोई स्पष्ट अंत नहीं दिखता है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव ने दूसरे देशों के साथ बातचीत को लेकर कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं लेकिन यह कोई ऐसा मुद्दा नहीं है जो कुछ दिनों की बातचीत में सुलझ जाए। हमें यह देखना होगा कि दूसरे देश आखिर क्या पेशकश कर रहे हैं.. और क्या ज्यादा विश्वसनीय है। मंदी पर सवाल को लेकर बेसेंट ने तहा कि हमें नहीं लगता कि ऐसा कुछ होगा क्योंकि कोई नहीं जानता कि एक हफ्ते में या एक दिन में बाजार कैसी प्रतिक्रिया देगा। हम इस समय पर लंबे समय के लिए आर्थिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करने पर ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में यह छोटे-मोटे उतार चढ़ाव होंगे।

**जापान में हादसा, समुद्र में मेडिकल हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त; तीन की मौत, तीन को बचाया : टोक्यो, एजेंसी।** जापान के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में एक मेडिकल ट्रांसपोर्ट हेलीकॉप्टर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में मरीज और दो अन्य लोगों की मौत हो गई। जापान के तट रक्षक की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हादसे के बाद तीन लोगों की जान बचाने में कामयाबी हासिल हुई है। जिनकी जान बचाई गई, उनमें पायलट हिरोशी हमादा (66), हेलीकॉप्टर मैकेनिक काजुतो योशिताके और एक 28 साल की नर्स सकुरा कुनीताके शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, तट रक्षक ने उन्हें तब बचाया, जब वे पानी में लाइफसेवर से चिपके हुए पाए गए। तीनों को हाइपोथर्मिया हुआ था, लेकिन वे होश में थे।

# ऐपल ने भारत से 1.5 लाख करोड़ के आईफोन निर्यात किए

## - पिछले साल की तुलना में 76 फीसदी अधिक



**नई दिल्ली ।**

ऐपल ने वित्त वर्ष 2025 में भारत से 1,50,000 करोड़ रुपये मूल्य (एफओबी) के आईफोन का निर्यात किया है। पिछले साल की तुलना में यह आंकड़ा न केवल 76 फीसदी अधिक है बल्कि यह उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत कंपनी के तय लक्ष्य का दोगुना भी है। ऐपल के वेंडरों द्वारा सरकार को दिए आंकड़ों से यह पता चला है। ऐपल ने यह कारनामा ऐसे समय में किया है जब अमेरिका ने भारत सहित दुनिया के तमाम देशों पर ऊंचा शुल्क लगा दिए हैं। इन शुल्कों से भारत से होने वाले निर्यात पर अनिश्चितताओं के बादल छा गए हैं। वित्त वर्ष 2024 में 85,000 करोड़ रुपये मूल्य के आईफोन का निर्यात हुआ था। वित्त वर्ष 2025 के लिए कंपनी ने पीएलआई योजना के तहत 74,900 करोड़ रुपये मूल्य के आईफोन निर्यात का लक्ष्य रखा था। आईसीईए के अनुमानों के अनुसार भारत से स्मार्टफोन के कुल निर्यात में ऐपल की हिस्सेदारी बढ़कर 75 फीसदी तक पहुंच जाएगी।

आईसीईए ने कहा कि भारत से 2,00,000 करोड़ रुपये मूल्य के स्मार्टफोन के निर्यात होने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष प्रत्येक महीने औसतन 12,500 करोड़ रुपये मूल्य के आईफोन का निर्यात हुआ था जबकि वित्त वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 7,083 करोड़ रुपये रहा था।

ऐपल के प्रवक्ता ने इस बारे में कोई टिप्पणी करने से मना कर दिया। आईसीईए के अनुमानों के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में स्मार्टफोन का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2024 (1,30,000 करोड़ रुपये) की तुलना में 53 प्रतिशत से अधिक रहा।

# बीईएल को रक्षा मंत्रालय से मिला 2,210 करोड़ का ऑर्डर

## - इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम की सप्लाई शामिल




**नई दिल्ली ।**

एरोस्पेस और रक्षा कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के शेयरों में मंगलवार को जोरदार तेजी देखी जा रही है। बीईएल ने रक्षा मंत्रालय से 2,210 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर प्राप्त किया है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम की सप्लाई शामिल है। इस समझौते के साथ कंपनी ने वित्त वर्ष 26 में कुल 2,803 करोड़ रुपये के आदेश प्राप्त किए हैं। बीईएल ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने रक्षा मंत्रालय के साथ 2,210 करोड़ रुपये (टैक्स को छोड़कर) के मूल्य का एक कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इसमें भारतीय वायु सेना के एमआई 17 वी5 हेलीकॉप्टरों के लिए ईडब्ल्यू सूट की सप्लाई की जाएगी। बीईएल के अनुसार ये सिस्टम स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं।

इनकी मेन्यूफेक्चरिंग भारत इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा की जायेगी। इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट एक रडार वार्निंग रिसीवर, मिसाइल अप्रोच वार्निंग सिस्टम और काउंटर मेजर डिस्पेंसिंग सिस्टम से लैस है। ये हेलीकॉप्टरों की कॉम्बैट सेफ्टी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने और प्रभावी काउंटरमेजर प्रदान करने में अहम रोल निभाता है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि इस समझौते के साथ अब तक उसने वर्तमान वित्त वर्ष 26 में कुल 2,803 करोड़ रुपये के आदेश प्राप्त किए हैं।

# जरूरत पड़ने पर म्युचुअल फंड पर आसानी से मिल जाता है सस्ता लोन

## - आपका निवेश भी बना रहता है और लांग टर्म वेल्थ क्रिएशन में कोई रुकावट नहीं आती




**नई दिल्ली ।**

अचानक पैसों की जरूरत पड़ने पर निवेशकों के लिए म्युचुअल फंड्स बेचकर पैसों का इंतजाम करना एक आसान लगता है। लेकिन इसका एक बड़ा नुकसान भी देखा गया है। ऐसे में एक सरल और आसान विकल्प म्युचुअल फंड्स पर लोन लेना भी है। इसमें निवेशक को अपने म्युचुअल फंड्स बेचने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि वह उन्हें मॉर्गेज कर नकदी हासिल कर सकता है। यानी, म्युचुअल फंड पर लोन लेकर आप न केवल अपनी जरूरत को पूरा कर सकते हैं, बल्कि आपका निवेश भी बना रहता है और लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन की राह में कोई रुकावट नहीं आती। म्युचुअल फंड पर लोन एक ऐसी सुविधा है, जिसमें निवेशक अपने म्युचुअल फंड यूनिट्स को गिरवी रखकर कर्ज ले सकते हैं। सेबी में एक रजिस्टर्ड निवेश सलाहकार कहते हैं, जब भी पैसों की कमी होती है, खासकर शॉर्ट टर्म जरूरतों में, तब म्युचुअल फंड होल्डिंग्स पर लोन लिया जा सकता है। यह आपके म्युचुअल फंड यूनिट्स को रिडीम करने से कहीं बेहतर विकल्प है। म्युचुअल फंड में निवेश आमतौर पर लॉन्ग टर्म जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाता है, इसलिए इन्हें छोटी अवधि की कैश जरूरतों के लिए रिडीम करना सही स्ट्रैटेजी नहीं है। ऐसी स्थितियों में म्युचुअल फंड पर लोन उठाना एक बेहतर प्रैटिकल सॉल्यूशन नजर आता है। इस तरह के फाइनेंस विकल्प पर ब्याज दर आमतौर पर क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन जैसे अन्य विकल्पों की तुलना में कम होती है, क्योंकि यह एक सुरक्षित लोन होता है जो आपके म्युचुअल फंड यूनिट्स को गिरवी रखकर लिया जाता है।

# टाटा पंच ईवी पर मिल रही 70,000 तक की छूट



**नई दिल्ली ।**

स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स अपनी पॉपुलर इलेक्ट्रिक कार पंच ईवी पर ग्राहकों को अधिकतम रुपए 70,000 तक की छूट दे रही है, जिसमें कैश डिस्काउंट के साथ-साथ एक्सचेंज बोनस भी शामिल है। मामले में अधिक जानकारी और लाभ उठाने के लिए ग्राहक अपने नजदीकी टाटा डीलरशिप से संपर्क कर सकते हैं। फीचर्स के मामले में यह कार काफी प्रीमियम है। इसमें 10.25 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, एयर प्यूरीफायर और सनरूफ जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

सेफ्टी के लिहाज से पंच ईवी में 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल और 360-डिग्री कैमरा जैसे एडवांस फीचर्स मिलते हैं। टाटा पंच ईवी की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत रुपए 9.99 लाख से शुरू होकर टॉप वेरिएंट में रुपए 14.44 लाख तक जाती है। बेहतरीन रेंज, एडवांस फीचर्स और अब भारी छूट के चलते यह इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में एक आकर्षक विकल्प बन गई है।

टाटा पंच ईवी को दो बैटरी पैक विकल्पों के साथ पेश किया गया है। पहला वेरिएंट 25 केडब्ल्यूएच की बैटरी से लैस है, जो 82 बीएचपी की पावर और 114 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह मॉडल एक बार चार्ज करने पर 315 किलोमीटर तक की रेंज देता है। वहीं दूसरा वेरिएंट 35 केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ आता है, जो 122 बीएचपी की पावर और 190 एनएम टॉर्क देने में सक्षम है, और इसकी ड्राइविंग रेंज 421 किलोमीटर तक है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बढ़ा सकती है डिविडेंड

## - शेयरों में तेज हलचल; 2.5 फीसदी से ज्यादा उछला




**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ वॉर की वजह से वैश्विक बाजारों में गिरावट के बीच, भारतीय शेयर बाजार में इसका प्रभाव देखा गया। इस चलन में दिग्गज इंश्योरेंस कंपनी आईसीआईआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने निवेशकों को डिविडेंड की बढ़ोतरी की संभावना जताई। कंपनी ने बोर्ड की अप्रैल 2025 की बैठक में इस मुद्दे पर फैसला करेगी। कंपनी के स्टॉक्स में मंगलवार को उछाल देखने को मिली, जिससे बाजार में अनुकूलता दिखाई दी। इस दौरान, बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी-50 में सोमवार को भारी गिरावट आई, जिसे 4 जून, 2024 के बाद सबसे बड़ी गिरावट माना जा रहा है। इस गिरावट का कारण अमेरिका के टैरिफ और वैश्विक मंदी की भयभीती बढ़ने की आशंका है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने अपनी आगामी बैठक में डिविडेंड के मामले पर फैसला करने की घोषणा की है, जिससे निवेशकों को नया आशा का सामना हो सकता है। कंपनी ने यह भी जारी किया कि फिलहाल किसी भी डिविडेंड संबंधित जानकारी के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है, लेकिन संभावना है कि वह अपने निवेशकों को नया धन बांटने की स्थिति में हो। जून 2024 में लास्ट टाइम पर डिविडेंड देने के बाद, कंपनी की अपेक्षित तिथि और राशि के बारे में विस्तार से चर्चा की जा रही है। एक निवेशक ने यह कहा कि यह एक अच्छी खबर है जो कंपनी की स्थिति को मज़बूत कर सकती है और निवेशकों को लाभान्वित कर सकती है। इस विक्रमादित्य के बाद, इंश्योरेंस सेक्टर में और भी ढेर सारी जानकारी की अपेक्षा की जा रही है।

## ग्राहकों के बीच मारुति सुजुकी की लोकप्रियता कायम

**नई दिल्ली ।** बीत महीने यानि की मार्च 2025 में भी भारतीय ग्राहकों के बीच मारुति सुजुकी की लोकप्रियता कायम रही। मारुति सुजुकी ने इस दौरान कुल 1,50,743 यूनिट कारों की बिक्री की। यह आंकड़ा मार्च 2024 की तुलना में 1.29प्रतिशत कम रहा, जब 1,52,718 यूनिट्स की बिक्री हुई थी। इसके बावजूद मारुति ने 39.07प्रतिशत के हिस्से के साथ देश के पैसेंजर व्हीकल मार्केट में अपना दबदबा बनाए रखा। बिक्री के मामले में दूसरे स्थान पर हुंडई रही, जिसने 51,820 यूनिट कारों की बिक्री की। इस दौरान कंपनी की बिक्री में 2.23प्रतिशत की सालाना गिरावट दर्ज की गई। वहीं, टाटा मोटर्स ने 3.03प्रतिशत की वृद्धि के साथ 51,616 यूनिट्स की बिक्री की और तीसरे नंबर पर रही। महिंद्रा ने 48,048 यूनिट कारें बेचकर चौथा स्थान हासिल किया और 18.25प्रतिशत की जबरदस्त सालाना ग्रोथ दर्ज की। वहीं, स्कोडा ने 164.88 प्रतिशत की शानदार बढ़त के साथ 7,422 यूनिट्स की बिक्री की और सातवां स्थान हासिल किया। मार्च 2025 के आंकड़े दिखाते हैं कि भारत में कार बाजार में प्रतिस्पर्धा तेजी से बढ़ रही है, लेकिन मारुति का वर्चस्व अब भी बरकरार है।




## हल्दीराम फूड्स और हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड हुए एक

### - हल्दीराम अब स्नैक्स और नमकीन का उत्पादन एक साथ करेगा

**नई दिल्ली ।** हल्दीराम की नागपुर और दिल्ली शाखाओं को मिलाकर हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड का गठन पूरा हो गया है। इस विलय से हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड और हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड एक हो गए हैं। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकानरी ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है और भावनात्मक एकता का परिचय है। इस विलय से हल्दीराम अब स्नैक्स और नमकीन का उत्पादन एक साथ करेगा। दिल्ली इकाई में हिस्सेदारी 56 प्रतिशत है और शेष 44 प्रतिशत हिस्सेदारी नागपुर शाखा के पास है। इस गठन से उम्मीद है कि भारतीय पैक्ड फूड उद्योग को नए फैसले और विकास के मार्ग प्राप्त होंगे। सौदागरों का मानना है कि इस सौदे का मूल्यांकन लगभग 10 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब है। हल्दीराम के संस्थापक गंगा बिशन अग्रवाल द्वारा 1937 में राजस्थान में शुरू की गई इस खाद्य उत्पाद की विकसित यात्रा अब 80 से अधिक देशों में जारी है। यह गठन भारतीय उद्योग के लिए नए द्वार खोलता है और स्नैक्स और नमकीन सेगमेंट में मजबूती लाता है।

## मारुति सुजुकी ने लॉन्च की नई ग्रैंड विटारा

### - शुरुआती कीमत 11.42 लाख

**नई दिल्ली ।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने ग्रैंड विटारा को नए अवतार में लॉन्च किया। इस नए मॉडल की शुरुआती कीमत 11.42 लाख रुपये है, और यह पेट्रोल इंजन और लिथियम-आयन बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक मोटर का मेल है जो ज्यादा माइलेज और बेहतरीन प्रदर्शन देता है। नये ग्रैंड विटारा में अनेक नए और प्रीमियम फीचर जोड़े गए हैं, जैसे कि वायरलेस कनेक्टिविटी, स्मार्टप्ले प्रो प्लस इंफोटेनमेंट सिस्टम, हेड-अप डिस्प्ले, 360 डिग्री कैमरा, और वायरलेस चार्जिंग डॉक। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भी यह वाहन आधुनिक फीचर्स के साथ लैस है, जैसे कि ईएसपी, एबीएस, ईबीडी, और अन्य सुरक्षा तकनीकें। कंपनी के विपणन और बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने घोषणा की है कि नई ग्रैंड विटारा का नया हाइब्रिड संस्करण भी लॉन्च किया गया है, जिसकी कीमत 16.99 लाख रुपये है। यह नया मॉडल शानदार डिज़ाइन और बेहतरीन कार्यक्षमता के साथ आता है, और लोकप्रियता में एक बड़ी गिरावट ला सकता है। इस नए ग्रैंड विटारा में कई नए और उन्नत फीचर्स हैं, जो सुरक्षा, सुविधा, और स्टाइल की दृष्टि से इसकी पॉजिशनिंग को और मजबूती देते हैं।

## एफडीआई प्रतिबंधित क्षेत्र में भारतीय कंपनियां विदेशी शेयरधारकों को दे सकती हैं बोनस शेयर

**नई दिल्ली ।**




सरकार ने स्पष्ट किया है कि एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) प्रतिबंधित क्षेत्र में काम कर रही कोई भी भारतीय कंपनी अपने पहले से मौजूद अनिवासी शेयरधारकों को बोनस शेयर जारी कर सकती है। यह निर्देश उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा जारी किया गया है। बोनस शेयर जारी करते समय, सभी कानूनी नियमों और दिशानिर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। डीपीआईआईटी के स्पष्टीकरण के अनुसार, इस नियम के तहत एफडीआई प्रतिबंधित क्षेत्रों में काम कर रहीं भारतीय कंपनियों को अपने विदेशी शेयरधारकों को बोनस शेयर देने की अनुमति है, अगर उनकी शेयरधारिता में कोई बदलाव न हो। एफडीआई का महत्व इसलिए है क्योंकि इससे भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। विदेशी निवेशकों के लिए कुछ क्षेत्रों में सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होती है, जैसे दूरसंचार, मीडिया, दवा और बीमा। अब स्वचालित मार्ग से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति है, जिससे देश को विदेशी प्रवाह और रुपये के मूल्य में संतुलन बने रहने में मदद मिलेगी।

# इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल ने दिखाया दम, हरे निशान पर बंदा हुआ बाजार



**मुंबई ।**

एशियाई बाजारों में तेजी के बीच भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और एलएंडटी जैसे भारी भरकम स्टॉक्स में जोरदार तेजी से बाजार हरे निशान पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मंगलवार के कारोबार में 900 से ज्यादा अंक चढ़कर 74,013.73 पर खुला। कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 74,859 अंक तक उछला था। अंत में सेंसेक्स 1089.18 अंक के जोरदार उछाल के साथ 74,227.08 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई (एनएसई) का निफ्टी-50 भी मंगलवार को मजबूती के साथ 22,446.75 अंक पर खुला। खुलते ही बाजार में जोरदार तेजी देखी गई। कारोबार के दौरान यह 22,697.20 अंक को छू गया। अंत में निफ्टी 374.25 अंक की मजबूती के साथ 22,535.85 पर बंद हुआ।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने चीन पर दबाव बढ़ाते हुए चीन से रेसिप्रोकल टैरिफ वापस लेने की बात कही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन ट्रंप की रणनीति के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा रहने की तैयारी में है।

वहीं जापान का निक्केई इंडेक्स मंगलवार को औसत रूप से 6 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। यह पिछले सत्र में 1-1/2 साल के निचले स्तर से उबरा। निवेशकों ने वॉल स्ट्रीट पर रिकवरी के संकेतों से उत्साहित होकर शेयरों को खरीदा। निक्केई इंडेक्स 6.03 प्रतिशत चढ़कर 33,012.58 पर पहुंच गया, जो 6 अगस्त के बाद से इसका सबसे तेज एक दिवसीय लाभ है।

आरबीआई के ब्याज दरों पर फैसले का इंतजार

वैश्विक बाजारों की चाल के अलावा निवेशक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के फैसले का इंतजार कर रहे हैं, जो बुधवार को निर्धारित है। साथ ही भारतीय कंपनियों के चौथे तिमाही के नतीजे और इस सप्ताह आने वाले मैक्रोइकॉनॉमिक आंकड़ों पर भी निवेशकों का फोकस है।

# फियो की नकदी संकट कम करने पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान की मांग

## फियो ने कहा, अमेरिकी शुल्क हमारे भुगतान चक्र को करने जा रहे हैं प्रभावित

**नई दिल्ली ।**

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने मंगलवार को कहा कि नौ अप्रैल से लागू 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क से अमेरिकी आयातकों का सीमा शुल्क बिल काफी बढ़ जाएगा जिससे भारतीय निर्यातकों को भुगतान में देरी होगी। संगठन ने सरकार से आग्रह किया कि वह बढ़ते नकदी संकट को कम करने के लिए तुरंत पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान की घोषणा करे। फियो के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि नौ अप्रैल से अमेरिकी आयातकों को 26 प्रतिशत शुल्क अग्रिम रूप से देना होगा। पहले यह शून्य से चार प्रतिशत था। उच्च शुल्क उन पर अतिरिक्त बोझ डालेंगे और इसके लिए उन्हें ऋण लेना होगा तथा हमारे भुगतान में देरी होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क हमारे भुगतान चक्र को प्रभावित करने जा रहे हैं। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह सभी निर्यातकों के लिए ब्याज छूट योजना की तत्काल घोषणा करे। भारत में रेपो दर लगभग 6.25 प्रतिशत है तथा निर्यातकों को आठ से 12 प्रतिशत या इससे भी अधिक ब्याज देना पड़ता है जो कि प्राधिकृत डीलर बैंकों द्वारा उधारकर्ता के जोखिम मूल्यांकन तथा प्रसार पर निर्भर करता है। प्रतिस्पर्धी देशों में ब्याज दर बहुत कम है। मिसाल के तौर पर 2025 में चीन में केंद्रीय बैंक की दर 3.1 प्रतिशत, मलेशिया में तीन प्रतिशत, थाइलैंड में दो प्रतिशत और वियतनाम में 4.5 प्रतिशत है।ब्याज सब्सिडी योजना पिछले साल समाप्त हो गई और इस योजना का करीब 11,000 निर्यातक लाभ उठाते थे।वाणिज्य मंत्रालय निर्यात संवर्धन मिशन के तहत इस योजना को फिर से विकसित करने पर काम कर रहा है जिसकी घोषणा बजट में 2,250 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ की गई थी। रल्हन ने कहा कि अमेरिका में खरीदार ऑर्डर की पुष्टि करने और उच्च आयात शुल्क के प्रभाव को कम करने के लिए 12-14 प्रतिशत छूट की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे सभी शुल्कों को वहन करने के लिए तैयार नहीं हैं। हमें उनके साथ बोझ साझा करना होगा।

## वेदांता को वैश्विक साझेदार की तलाश

### कंपनी अगले तीन वर्षों में अपने परिचालन का महत्वपूर्ण विस्तार करेगी

**नई दिल्ली ।** खनन कंपनी वेदांता विभिन्न क्षेत्रों में अपनी 20 अरब डॉलर की विस्तार परियोजनाओं के लिए वैश्विक साझेदार की तलाश कर रही है। कंपनी के अनुसार यह कदम वेदांता की रणनीतिक योजना के अनुरूप है जिसके तहत अगले तीन वर्षों में वह अपने परिचालन का महत्वपूर्ण विस्तार करेगी। इसके तहत कंपनी अपने कारोबार का चार इकाइयों वेदांता एल्युमीनियम, तेल एवं गैस, बिजली और लोहा एवं इस्पात में पुनर्गठन करेगी। जानकारी के अनुसार हम एक अनुभवी वैश्विक इंजीनियरिंग कंपनी की तलाश कर रहे हैं जिसे इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण प्रबंधन (ईपीसीएम) में अनुभव हो और जो हमारी परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए हमारे लिए एक विस्तारित कार्यालय के रूप में कार्य कर सके। कंपनी ने कहा कि वह अगले तीन वर्षों में धातु, खनन और हाइड्रो कार्बन क्षेत्र में विकास परियोजनाओं पर 20 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करेगी। ये परियोजनाएं इसके मौजूदा परिचालन का विस्तार है। इच्छुक कंपनियों को अपने प्रासंगिक अनुभव, 'प्रोफाइल' और वर्तमान में जारी परियोजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके लिए 30 अप्रैल तक आवेदन दिया सकते है। वेदांता के एक मुख्य वित्तीय अधिकारी ने पहले कहा था कि विभाजन अंतिम चरण में है। इसके इस वर्ष जून-जुलाई माह में पूरा होने की उम्मीद है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज की बिक्री बुकिंग बढ़कर 10,163 करोड़ हुई

### सबसे बड़ी सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनी के रूप में उभरने की संभावना

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज की वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में बिक्री बुकिंग वार्षिक आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 10,163 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की बिक्री बुकिंग (प्री-सेल्स) 31 प्रतिशत बढ़कर 29,444 करोड़ रुपये रही। करीब 30,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग के साथ गोदरेज प्रॉपर्टीज के 2024-25 में बिक्री बुकिंग के मामले में सबसे बड़ी सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनी के रूप में उभरने की संभावना है। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से डीएलएफ भारत की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी बिक्री बुकिंग मूल्य के लिहाज से सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 10,163 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी के अनुसार यह गोदरेज प्रॉपर्टीज द्वारा हासिल किया गया अब तक का सबसे अधिक तिमाही बुकिंग मूल्य है। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई महानगर क्षेत्र, पुणे और बेंगलुरु आवासीय बाजार में उसकी मजबूत उपस्थिति है।

## करीबी मैच में कोलकाता हारा, लखनऊ 4 रन से जीता

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। लखनऊ ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की करते हुए मिशेल मार्श और निकोल्स पूरन के अर्धशतकों की बदौलत 3 विकेट के नुकसान पर कोलकाता के सामने 239 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में केकेआर की टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 234 रन ही बनाते हुए 4 रन से पीछे रह गई। ओपनरों एडेन मार्कराम और मिशेल मार्श की बदौलत पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़े। मार्कराम (28 गेंदों पर 47 रन, 4 चौके और 2 छक्के) अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए और हर्षित राणा की गेंद पर 10.2 ओवर में बोल्ड हो गए जबकि मार्श ने पूरन के साथ पारी को आगे बढ़ाया और अपना अर्धशतक पूरा किया। मार्श ने 48 गेंदों पर 6 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 81 रन बनाने के बाद 15.2 ओवर में रिंकू सिंह को आसान कैच दे बैठे। अब्दुल समद 6 गेंदों पर एक चौके की मदद से 4 रन बनाने के बाद 18.2 ओवर में हर्षित की गेंद पर बोल्ड हुए। इस दौरान गेंदबाजी पर रसेल थे। पूरन 36 गेंदों पर 7 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 87 रन बनाकर नाबाद लौटे। डेविड मिलर ने 4 गेंदों पर नाबाद 4 रन बनाए।



## ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस हुई दिलचस्प, सूर्यकुमार दौड़ में शामिल



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू मैच के बाद और भी ज्यादा रोमांचक हो गई। सूर्यकुमार यादव ने ऑरेंज कैप की रेस में टॉप 2 में जगह बना ली है, जबकि पर्पल कैप अब हार्दिक पांड्या के सिर पर होगी। पांड्या ने आरसीबी के खिलाफ 2 विकेट झटके थे।

आईपीएल 2025 का ऑरेंज कैप अभी भी निकोलस पूरन के सिर पर है, जो 201 रन बना चुके हैं। वहीं, सूर्यकुमार अब दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने 199 रन बनाए हैं, जबकि साई सुदर्शन 191 रनों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। चौथे स्थान पर मिचेल मार्श हैं, जो 184 रन अब तक अपनी टीम के लिए बना चुके हैं। इसके अलावा जोस बटलर 166 रनों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। विराट कोहली भी टॉप 5 के लिए कूच कर रहे हैं। वे अब तक चार मैचों में 164 रन बना चुके हैं।

निकोलस पूरन 201 रन के साथ पहले नंबर, सूर्यकुमार यादव 199 रन के साथ दूसरे नंबर पर, साई सुदर्शन 191 रन के साथ तीसरे नंबर, मिचेल मार्श 184 रन के साथ चौथे और जोस बटलर 166 रन के साथ पांचवें नंबर पर कायम है।

आईपीएल का पर्पल कैप ये संयुक्त रूप से अब नूर अहमद और हार्दिक पांड्या के सिर पर है। दोनों खिलाड़ी 10-10 विकेट अब तक चटका चुके हैं। सूची में तीसरा नाम मोहम्मद सिराज का है, जो 9 विकेट चार मैचों में निकालने में सफल हुए हैं। इतने ही विकेट मिचेल स्टार्क को मिले हैं, जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं। आर साई किशोर का नाम लिस्ट में पांचवां है, जो 8 विकेट जीटी के लिए निकाल चुके हैं।

## आईपीएल में छोटे भाई ने की बड़े भाई की जमकर धुलाई, आखिर में पलट गया पासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में सोमवार को हार्दिक पंड्या और क्रुणाल आमने सामने आ गए। मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच हुई टक्कर में आखिरी बाजी बड़े भाई ने मार ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 5 विकेट पर 221 रन बनाए जवाब में मुंबई ने 9 विकेट पर 209 रन ही बना पाई ओर हार गई। आखिरी ओवर में क्रुणाल पंड्या ने 3 विकेट लेकर मैच अपनी ओर मोड़ दिया।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच टक्कर को रोहित शर्मा और विराट कोहली के बीच जंग के तौर पर देखा जा रहा था। इस मैच में पंड्या ब्रदर्स ने अपना जलवा दिखाया और स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का दिल जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली के 67 रन के बाद कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा की तूफानी पारी के दम पर 221 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने कप्तान हार्दिक की आतिशी पारी से जोरदार वापसी की लेकिन आखिर में आकर क्रुणाल पंड्या ने मुकाबला अपनी टीम की झोली में डाल दिया।

आरसीबी के मुकाबले में मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या अलग ही मूड में दिखे। 13वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे हार्दिक ने पहली 5 बॉल पर दो छक्के और दो चौकों से 20 रन बना लिए इसके बाद बड़े भाई क्रुणाल पंड्या की गेंद पर भी दो छक्के जमाए। 14 बॉल पर 42 रन बनाकर खेल रहे इस हार्दिक को हेजलवुड ने आउट कर पवेलियन रवाना कर दिया।

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने मुंबई के खिलाफ पारी का आखिरी ओवर क्रुणाल पंड्या से करवाया। 6 बॉल पर जीत के लिए 19 रन की जरूरत थी लेकिन तीन विकेट लेकर क्रुणाल ने मुकाबला ही पलट दिया। पहली बॉल पर मिचेल सैंटनर को टिम डेविड के हाथों कैच करवाया। अगली बॉल पर दीपक चाहर को आउट किया और फिर पांचवीं गेंद पर नमन धीर को आउट कर मैच अपने टीम के हक में कर दिया और जीत हासिल कर ली।

## एक दिवसीय त्रिकोणीय सीरीज भारतीय महिला टीम का चयन, काशवी, चरनी और शुचि को मौका

**मुंबई (एजेंसी)।** श्रीलंका में होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम में काशवी गौतम, एन श्री चरनी और शुचि उपाध्याय को पहली बार मौका दिया गया है। चयनकर्ताओं ने जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत कौर को बतौर कप्तान टीम की कमान सौंपी है। इसके अलावा स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर को भी टीम में शामिल किया गया हैं। चयनकर्ताओं ने चोटिल रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और तेज गेंदबाज तीतास साधु के नाम पर विचार नहीं किया।

21 वर्षीय का काशवी इस साल वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी रही। उन्होंने अपने नौ मैचों में 11 विकेट झटके। वहीं बीस साल की स्पिनर चरनी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए सिर्फ दो मैच में चार विकेट चटकाए। इस बीच, बाएं हाथ की स्पिनर उपाध्याय बीते साल दिसंबर में आयोजित सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं। उन्होंने तब नौ पारियों में 3.48 की इकॉनमी रेट और 15.44 की औसत से 18 विकेट झटके थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।



इस वर्ष भारत में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को ध्यान में रखकर यह श्रृंखला तीनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। त्रिकोणीय सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है। सीरीज के सभी मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में होने है। पहला मुकबाला 27 अप्रैल को भारत और श्रीलंका के बीच होगा।19 अप्रैल को भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। दो मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका, चार मई को श्रीलंका भारत, सात मई को भारत दक्षिण अफ्रीका और नौ मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच खेला जायेगा। सीरीज का फाइनल 11 मई का होगा।

**एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनिस, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय।

## फेल साबित हो रहे रोहित शर्मा, रवि शास्त्री और इयान बिशप ने दी ये सलाह



मुंबई ।आईपीएल 2025 में रोहित शर्मा अब तक फार्म में नहीं दिख रहे हैं।एक मैच में चोट के कारण वे बाहर बैठे, जबकि चार मैचों में उनका स्कोर 0, 8, 13 और 17 है।आरसीबी के खिलाफ उन्होंने 9 गेंदों में 17 रन की पारी खेली, लेकिन दूसरे ही ओवर में आउट हो गए।मुंबई इंडियंस भी पांच में से चार मुकाबले हार चुकी है।इसके लिए एमआई के पूर्व कप्तान की खूब आलोचना हो रही है।पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री और वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर इयान बिशप ने रोहित को सलाह दी है।बिशप ने कहा, उन्हें (मुंबई इंडियंस को) रोहित से और अधिक की जरूरत है, ना कि केवल शुरुआत में 12-15 रन की छोटी शुरुआत मिले।दूसरी ओर शास्त्री ने कहा, आदर्श रूप से, आप निरंतरता चाहते हैं।जो टीमें लंबा सफर तय करती हैं, उसमें आमतौर पर शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहतर होता है।आईपीएल में अब तक चार पारियों में रोहित सिर्फ 38 रन बना सके हैं।इतना ही नहीं पिछले पांच आईपीएल सीजन में रोहित सिर्फ एक बार 400 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं।पिछले साल उन्होंने 400 से ज्यादा रन सीजन में बनाए थे, लेकिन इसबार की शुरुआत से लग नहीं रहा कि रोहित उस आंकड़े तक पहुंच पाएंगे।हालांकि, अभी भी मुंबई इंडियंस के 9 लीग मैच बाकी हैं।अगर रोहित का बल्ला आने वाले मैचों में नहीं चलता है तब टीम के लिए मुश्किलें हो सकती हैं।हालांकि, टीम के हेड कोच महेला जयवर्धने ने रोहित शर्मा का बचाव किया है।जयवर्धने ने कहा था, अगर आप मुझे हर दो पारियों में किसी के प्रदर्शन को देखने के लिए कह रहे हैं, तब यह थोड़ा अनुचित है।उनकी आखिरी पारी की मेरी याददाश्त चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पारी थी।इसलिए हमें अनुभवी खिलाड़ियों का समर्थन करना होगा और उन्हें टीम में शामिल करना होगा।

## चैंपियन्स ट्रॉफी से पीसीबी ने कमाए तीन अरब, बोले- उम्मीद नहीं थी

कराची ।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दावा किया है कि आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी से उसे तीन अरब रुपए की कमाई हुई है जो उसके 2 अरब रुपए के लक्ष्य से अधिक है।पीसीबी ने यह दावा नेशनल असेंबली को लिखित जवाब में किया है जिसने पिछले 2 वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लगातार खराब प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की है।पीसीबी ने अपने लिखित जवाब में यह भी पुष्टि की है कि कराची, लाहौर और रावलपिंडी में स्टेडियमों के नवीनीकरण पर कुल 18 अरब रुपए खर्च किए जा रहे हैं। बोर्ड ने कहा कि नवीनीकरण की प्रक्रिया 2026 तक पूरी हो जाएगी और इसका दूसरा चरण मई में पाकिस्तान सुपर लीग समाप्त होने के बाद शुरू होगा। पीसीबी ने यह भी कहा कि चैंपियन्स ट्रॉफी और अन्य चीजों के कारण अब तक बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। पीसीबी ने पुष्टि की कि पीसीबी अपने वित्तीय वर्ष के अंत में सालाना दो ऑडिट से गुजरता है।चालू वित्तीय वर्ष के लिए ऑडिट 30 जून 2025 के बाद होंगे।बोर्ड ने यह भी कहा कि चैंपियन्स ट्रॉफी से मिलने वाली राशि के अंतिम आंकड़े आईसीसी द्वारा अपना वित्तीय ऑडिट पूरा करने के बाद निर्धारित किए जाएंगे।पीसीबी ने जोर देकर कहा कि कोई अधिक खर्च या कुप्रबंधन नहीं हुआ है क्योंकि चैंपियन्स ट्रॉफी पूरी तरह से आईसीसी द्वारा प्रबंधित की गई थी। राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पीसीबी ने चोटों और खेलने की अलग-अलग परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया। पीसीबी ने लिखा कि महत्वपूर्ण लम्हों में प्रमुख खिलाड़ियों को चोटें लगी जिससे टीम का संतुलन और रणनीति प्रभावित हुई।



## आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बने भुवनेश्वर




नई दिल्ली।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए आईपीएल में खेल रहे भुवनेश्वर कुमार ने एक इतिहास रच दिया है। भुवनेश्वर आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में भुवनेश्वर ने वेस्टइंडीज के महान ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ दिया है, जो लंबे समय तक चेन्नई सुपर किंग्स के लिए डेथ बॉलिंग एक्सपर्ट रहे थे।अब वे आईपीएल में नहीं खेलते हैं। भुवनेश्वर को सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में एक विकेट मिला।भुवनेश्वर ने तिलक वर्मा को आउट किया और इसके साथ वे आईपीएल के इतिहास के सबसे सफल गेंदबाज बन गए।भुवनेश्वर ने 179वें मैच में 184वां विकेट आईपीएल में लिया।इससे पहले ब्रावो ने 161 मैचों में 183 विकेट अपने नाम किए थे।भुवनेश्वर ने मुंबई के खिलाफ 4 ओवर में 48 रन दिए, लेकिन 18वें ओवर में तिलक को आउट करके उन्होंने आरसीबी की जीत पक्की कर दी थी।आईपीएल में बतौर तेज गेंदबाज सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अब भुवनेश्वर के नाम है, जबकि सूची में दूसरे नंबर पर ड्वेन ब्रावो हैं और तीसरे नंबर पर लसिथ मलिंगा हैं, जिन्होंने 122 मैचों में 170 विकेट लिए थे। वहीं, जसप्रीत बुमराह का चौथे नंबर पर आते हैं।वे 134 मैचों में 165 विकेट अब तक ले चुके हैं।वहीं, पांचवें नंबर पर उमेश यादव हैं।उमेश ने 148 मैचों में 144 विकेट लिए हैं।

## निकोलस पूरन के आईपीएल में 2,000 रन पूरे किए, ऐसा करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बने

**कोलकाता (पश्चिम बंगाल) (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बल्लेबाज निकोलस पूरन ने इंडियन प्रीमियर लीग में 2,000 रन पूरे किए और ऐसा करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। पूरन ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच के दौरान पूरन ने 36 गेंदों में 7 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 87* रन बनाकर अपनी विस्फोटक पारी खेली। उनकी पारी का सबसे खास पल 18वें ओवर में ऑलराउंडर आंद्रे रसेल को दो छक्कों और तीन चौकों की मदद से 24 रन पर आउट करना रहा।

पूरन ने 81 मैचों में 78 पारियों में 34.86 की औसत और 168.88 की स्ट्राइक रेट से 12 अर्धशतकों के साथ 2,057 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 87* है। रसेल ने इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए 1120 गेंदें लीं। वहीं पूरन ने 1,198 गेंदों का सामना करके 2,000 आईपीएल रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं। भारतीय बल्लेबाजों में वीरेंद्र सहवाग 1,211 गेंदों में इस मील के पत्थर तक पहुंचने वाले सबसे तेज़ खिलाड़ी हैं।



मौजूदा आईपीएल 2025 में पूरन सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और उनके पास ऑरेंज कैप है। उन्होंने 5 मैचों में 72.00 की औसत और 225.00 की स्ट्राइक रेट से 288 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन अर्द्धशतक बनाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 87* है। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 24 छक्के लगाए हैं।

2019-21 तक पंजाब किंग्स (31 पारियों और 33 मैचों में 22.44 की औसत से 606 रन और दो अर्द्धशतक के साथ 154 से अधिक की स्ट्राइक रेट) और सनराइजर्स हैदराबाद (13 पारियों और 14 मैचों में 38.25 की औसत से 306 रन, 144 से अधिक की स्ट्राइक रेट के साथ, एक अर्द्धशतक के साथ) के बाद पूरन लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए खेल रहे हैं। वह लखनऊ के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 34 मैचों और पारियों में 47.70 की औसत से 1,145 रन बनाए हैं जिसमें 186 से अधिक की स्ट्राइक रेट के साथ 8 अर्धशतक भी हैं।

## धोनी ने अपनी पसंदीदा टीम में सचिन सहित तीन खिलाड़ियों को ही रखा

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अपने करिकर में कई दिग्गज खिलाड़ियों के साथ खेल और टीम की कप्तानी भी की पर जब धोनी से उनके पसंदीदा खिलाड़ियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने तीन नाम ही बताये। इसमें धोनी ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ ही आक्रामक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, सौरव गांगुली जैसे खिलाड़ियों को शामिल किया है। धोनी ने अपने करियर में जहीर खान, हरभजन सिंह, अनिल कुंबले और युवराज सिंह जैसे खिलाड़ियों के साथ खेला। इसके अलावा अपने 16 साल के करियर में धोनी ने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों को भी निखारा। वहीं जब धोनी से अपनी पसंदीदा टीम चुनने के लिए कहा गया, तो उन्होंने केवल तीन भारतीय खिलाड़ियों को ही शामिल किया। इसके बाद उन्होंने कोई नाम नहीं लिया।



धोनी ने कहा, हां, मैं अपने भारतीय खिलाड़ियों के साथ रहूंगा। सहवाग , सचिन, गांगुली क्योंकि, आप जानते हैं, बात यह है कि हर किसी को अपने शीर्ष पर रखकर पर कल्पना करें और ऐसे में जब आप उन्हें खेलते हुए देखते हैं, तो आपको लगेगा कि उनसे बेहतर कोई नहीं है जबकि क्रिकेट उतार-चढ़ाव का खेल है। इसलिए यह बहुत मुश्किल हो जाता है कि कैसे चुनें लेकिन बड़े होकर हम सभी ने इन खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करते देखा है।

धोनी ने साथ ही कहा कि इन सभी खिलाड़ियों ने भारतीय क्रिकेट की सफलता में योगदान दिया है, इसलिए वह उनके प्रदर्शन का आनंद लेना चाहेंगे। पूर्व कप्तान ने आगे कहा, आप जानते हैं कि जब युवराज सिंह छह छक्के मार रहा था, तो आप कहेंगे कि आप किसी और को नहीं देखना चाहते। तो, बात यह है कि मुझे किसी एक को क्यों चुनना चाहिए। मैं हर किसी के खेल का आनंद क्यों नहीं ले सकता। इन सभी का लक्ष्य भारतीय टीम को जीत दिलाना रहा है।

## अपने नाम को लेकर भी चर्चाओं में रहे हैं वॉशिंगटन सुंदर

मुम्बई ।आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलने वाले वॉशिंगटन सुंदर अपने अच्छे प्रदर्शन के अलावा अपने नाम को लेकर भी चर्चाओं में रहते हैं।उनके नाम में वाशिंगटन कहां से आया ये सोचकर सभी प्रशंसक हैरान रहते हैं।वहीं अब इसके पीछे के कारण भी सामने आया है।सुंदर का जन्म एक तमिल हिंदू परिवार में हुआ पर उनको ये नाम उनके पिता एम. सुंदर ने अपने मेंटर पीडी वॉशिंगटन के प्रति सम्मान प्रकट करने दिया। वह इसलिए क्योंकि सुंदर के पिता भी अपने जमाने में एक अच्छा क्रिकेटर रहे थे पर वह राज्य की टीम में जगह नहीं बना पाए। वहीं वॉशिंगटन क्रिकेट के बहुत बड़े फैन थे और वह एक सुंदर के अच्छे खेल के प्रसंसक भी थे।वह पढ़ाई-लिखाई से लेकर खेल तक के लिए उनकी हर संभव मदद किया करते थे।एक रिपोर्ट के अनुसार वॉशिंगटन ने ही उनकी पढ़ाई का खर्च भी उठाया।उनके स्कूल की फीस, किताबें, क्रिकेट गियर सभी वह उपलब्ध कराते थे। वहीं साल 1999 में वॉशिंगटन का निधन हो गया। संयोग से उसी साल अक्टूबर में एम. सुंदर के घर बेटा हुआ। तब उन्होंने फैसला किया कि वह अपने बेटे का नाम अपने मेंटरर के नाम पर रखेंगे।इस तरह उस बच्चे का नाम पड़ा वॉशिंगटन सुंदर पड़ा।सुंदर 6 साल की उम्र से क्रिकेट खेलने लगे थे। वह हर दिन अपने पिता और बड़ी बहन शैलजा सुंदर के साथ क्रिकेट खेलते थे।बाद में वह उम्र में खुद से बड़े बच्चों के साथ खेलने लगे और अपनी प्रतिभा को के बल पर भारतीय टीम में पहुंच गये।



## पांच-पांच बार आईपीएल जीतने वाली टीमें पॉइंट्स टेबल में टॉप 5 में भी नहीं



नई दिल्ली। आईपीएल के 18वें सीजन के कुल 20 मैच खेले जा चुके हैं। इन मुकाबलों के बाद पॉइंट्स टेबल में पांच-पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स की टीम इस बार सबसे नीचे हैं।सनराइजर्स हैदराबाद का हाल तो और भी बुरा है, जो 10 टीमों वाली अंकतालिका में आखिरी पायदान पर है। आईपीएल के 2025 के सीजन की पॉइंट्स टेबल वह टीम टॉप पर है, जिसने कभी टूर्नामेंट नहीं जीता है।यहां तक कि टॉप 4 में भी शामिल चार टीमों में से सिर्फ एक टीम ने ही खिताब जीता है। वहीं, अंकतालिका में आखिरी चार पायदानों पर विराजमान टीमों ने कुल 12 बार ट्रॉफी जीती हैं।इस समय पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर दिल्ली कैपिटल्स है, जिसे पहले खिताब का इंतजार है। दिल्ली ने तीन में से तीन मुकाबले जीते हैं। दूसरे नंबर पर गुजरात टाइटन्स है, जो 4 में से तीन मैच जीत चुकी है। आरसीबी पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है, जिसने 4 में से 3 मुकाबले जीते हैं। पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है, जो तीन में से दो मैच जीत चुकी है। कोलकाता नाइट राइडर्स टॉप 5 में है।केकेआर ने चार में से दो मुकाबले जीते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स भी 4 में से दो मैच जीत चुकी है, जो छठे नंबर पर है।सातवें पायदान पर राजस्थान रॉयल्स है, जिसने 4 में से 2 मुकाबले जीते हैं। आठवें पर मुंबई इंडियंस है, जो 5 में से चार मुकाबले हार चुकी है। चेन्नई ने चार में से तीन मैच हारे हैं और एसआरएच ने पांच में से 4 मुकाबले हारे हैं।

## दिग्वेश सिंह राठी : 25 लाख की खरीद, 50प्र. मैच फीस का जुर्माना, सुधरा फिर भी नहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के ईडन गार्डन में लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी एक बार फिर से अपने सेलिब्रेशन आदतों के कारण चर्चा में आ गए। लखनऊ की ओर से ऑक्शन में 30 लाख रुपए में खरीदे गए राठी अब तक अपनी आदतों के कारण 50प्र मैच फीस का जुर्माना भुगत चुके हैं। लेकिन उनकी हरकतें रुकने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ राठी ने एक बार फिर से अपने सेलिब्रेशन स्टाइल से चर्चा बटोर ली। इस बार वह आऊट होने वाले क्रिकेटर के सामने पर्ची काटने की बजाय जमीन पर बैठकर पर्ची काटते दिखे। राठी की यह सेलिब्रेशन की वजह खास थी क्योंकि उन्होंने अपने फेवरेट क्रिकेटर सुनील नरेन का विकेट निकाला था।

### 7 विकेट ले चुके हैं राठी

राठी अपनी गेंदबाजी के कारण 5 मैचों में 7 विकेट ले चुके हैं। उनकी औसत 19 के पास चल रही है। उन्होंने दिल्ली के खिलाफ पहले मुकाबले में 231, हैदराबाद के खिलाफ 140, पंजाब के खिलाफ 230, मुंबई के खिलाफ 121 तो अब कोलकाता के खिलाफ 3 ओवर में 27 रन देकर 1 विकेट ले चुके हैं।

### कहां से शुरू हुआ था नोटबुक सेलिब्रेशन

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केसरिक विलियम्स ने इस सेलिब्रेशन को बढ़ावा दिया था। सबसे पहले कैरेबियन प्रीमियर लीग के दौरान उन्होंने चाडविक वॉल्टन के खिलाफ यह प्रतिक्रिया दी थी। वॉल्टन ने अगले मुकाबले में केसरिक की खूब पिटाई की थी। इस बार वॉल्टन हर गेंद पर बाऊंड्रीज लगाने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन मनाते दिख रहे थे। इसके बाद साल 2017 में विराट कोहली को आऊट करने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन मनाया। इससे अगली सीरीज में जब विराट और केसरिक आमने सामने हुए तो कोहली ने उनकी गेंदों पर जमकर चौके छक्के लगाए थे। हारकर वॉल्टन ने हाथ उठाकर कोहली से माफी मांगते दिखे थे।

### पंत को परेशान कर पाई लखनऊ टीम में जगह

राठी ने दिल्ली प्रीमियर लीग (DPL) 2024 में ऋषभ पंत को परेशान कर चर्चा पाई थी। लीग में राठी ने 10 मैचों में 14 विकेट लिए। उनका औसत 21.71 और इकॉनमी रेट 7.82 रहा। वे टूर्नामेंट में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और स्पिनरों में दूसरे नंबर पर रहे। राठी ने इसके बाद नवंबर 2024 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेली। जहां वह 2 मैचों में 3 विकेट लेने में सफल रहे।



# धांसू ओपनिंग लेने की तैयारी में गुड बैड अग्ली, एडवांस बुकिंग में मचाया धमाल

अभिनेता अजित कुमार की फिल्म गुड बैड अग्ली लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। आइए जानते हैं कि इस फिल्म ने अब तक एडवांस बुकिंग से कितनी कमाई कर ली है। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार अजित कुमार की नई फिल्म गुड बैड अग्ली जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में दर्शकों को जबर्दस्त एक्शन ड्रामा देखने को मिलेगा। इस फिल्म का निर्देशन अधीक रविचंद्रन ने किया है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। टिकट खिड़की पर इसे शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऐसा लग रहा है कि यह फिल्म पहले वीकएंड पर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा सकती है।



### एडवांस बुकिंग में कमाल दिखा रही गुड बैड अग्ली

6 मार्च 2025 को शाम 6 बजे के आंकड़े के अनुसार गुड बैड अग्ली ने तमिल बॉक्स ऑफिस पर पहले सप्ताहांत के लिए ( 10 से 13 मार्च ) के लिए करीब 15 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग दर्ज की है। खास बात यह है कि पहले दिन की बुकिंग अकेले सात करोड़ 85 लाख पये तक पहुंच गई है, जिसे एक शानदार शुरुआत का संकेत माना जा रहा है। इसके बाद दूसरे दिन दो करोड़ 45 लाख, तीसरे दिन दो करोड़ 40 लाख और चौथे दिन दो करोड़ 35 लाख रुपये की एडवांस बुकिंग हुई है। चार दिनों का कुल कलेक्शन अभी तक 15.05 करोड़ रुपये है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

### क्या बन पाएगी अजित की सबसे बड़ी ओपनर?

फिल्म की रिलीज में अभी चार दिन बाकी हैं और यह रफ्तार देखकर लगता है कि गुड बैड अग्ली एडवांस बुकिंग में और भी कमाल कर सकती है। फिल्म की शानदार एडवांस बुकिंग के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह फिल्म अजित कुमार के करियर की सबसे बड़ी ओपनर बन पाएगी? उनकी फिल्म वलीमई ने पहले दिन 28 करोड़ रुपये की कमाई की थी। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या गुड बैड अग्ली इस रिकॉर्ड को तोड़ पाएगी।

### विदामुयार्ची रही थी फ्लॉप

अजित कुमार की पिछली फिल्म विदामुयार्ची फरवरी 2025 में रिलीज हुई थी, लेकिन यह दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रही। बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इसे टिकट खिड़की पर फ्लॉप करार दिया गया।

### जाट से होगी फिल्म की टक्कर

गुड बैड अग्ली 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बड़े पर्दे पर इसकी टक्कर जाट से होगी। फिल्म में सनी देओल, विनीत सिंह और रणदीप हुड्डा नजर आने वाले हैं। गदर 2 की शानदार सफलता के बाद सनी के फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

# रेंगते हुए 100 करोड़ के पार पहुंची सिकंदर



बॉक्स ऑफिस पर छावा अब भी मजबूती से टिकी हुई है। वहीं, सिकंदर और एल 2 एम्पुरान की कमाई की रफ्तार काफी धीमी हो चुकी है। आइए इन फिल्मों के रविवार के कलेक्शन के बारे में जानते हैं। सिनेमाघरों के लिए बीता रविवार एक रोमांचक और सबक देने वाला दिन रहा। जहां कुछ फिल्में उम्मीदों के बोझ तले दबती नजर आईं, वहीं एक फिल्म ने अपनी मजबूत पकड़ से सभी को चौंका दिया। 06 अप्रैल 2025 को बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान की सिकंदर और मोहनलाल की एल 2 एम्पुरान जैसी बड़ी रिलीज से टिकट खिड़की पर धमाल की उम्मीद थी, लेकिन दोनों ही फिल्मों ने निराश किया। दूसरी ओर, छावा ने अपनी शानदार सफलता की कहानी को और मजबूत करते हुए दर्शकों का दिल जीतना जारी रखा।

### सिकंदर का हाल बेहाल

लगभग 200 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट में तैयार सिकंदर की कमाई की रफ्तार शुरू से ही सुस्त रही है। शनिवार को महज तीन करोड़ 75 लाख रुपये कमाने के बाद रविवार को हल्का सुधार जरूर दिखा, लेकिन सलमान की स्टारडम को देखते हुए यह आंकड़ा बेहद कम माना जा रहा है। कई सिनेमाघरों में इसके शो को घटाया जा रहा है और कुछ जगहों पर इसे हटाकर दूसरी फिल्मों को मौका दिया जा रहा है, जो फिल्म की मुश्किल स्थिति को साफ बयां करता है।

# अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे ऋतिक



**एक पोस्ट ने छेड़ दी सोशल मीडिया पर बहस**

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। एक यूजर की पोस्ट ने वहां कि सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन हाल ही में अमेरिका के इंटरनेट पर वायरल हो गए। एक सोशल मीडिया पोस्ट ने अभिनेता को लेकर ट्विटर पर बहस शुरू कर दी। दरअसल, एक यूजर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें ऋतिक को 50 साल की उम्र में भी युवा दिखाया गया। इसके बाद से यह पोस्ट तेजी के साथ वायरल होने लगी। वायरल पोस्ट में ऋतिक रोशन को एक बूढ़े अमेरिकी व्यक्ति के साथ दिखाया गया। दोनों में तुलना कि गई कि पुराने दौर के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते थे और अब के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते हैं। पोस्ट में लिखा है, '1985 में 50 वर्षीय बनाम 2025 में 50 वर्षीय।' यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गई, जिसे 48,000 से ज्यादा लाइक और लगभग 6 मिलियन व्यू मिले। पोस्ट के वायरल होते ही अमेरिकी सोशल मीडिया पर ऋतिक की पोस्ट को लेकर बहस छिड़ गई। जो लोग ऋतिक को नहीं जानते, उन्होंने पूछा, 'वह कौन हैं?' फैंस ने उनका परिचय बॉलीवुड के सुपरस्टार के तौर पर दिया। उन्हें भारत का सबसे हैंडसम और सफल अभिनेता भी बताया गया। हालांकि, कुछ फैंस ने ऋतिक की दूसरे व्यक्ति के साथ की गई तुलना को ठीक नहीं माना। उन्होंने कहा, 'शर्त है कि ज्यादातर लोग नहीं जानते कि दाईं ओर वाला लड़का कौन है। ऋतिक रोशन बॉलीवुड में एक मेगा सुपरस्टार हैं। नहीं, आम लोग 50 साल की उम्र में भी बाईं ओर वाले लड़के की तरह दिखते हैं। आप एक अभिनेता की तुलना एक आम आदमी से कर रहे हैं।' एक प्रशंसक ने टिप्पणी करते हुए लिखा, 'ऋतिक रोशन ग्लोबल हो गए हैं।'




# क्यों संजय दत्त और मौनी रॉय की अगली फ़िल्म द भूतनी बॉक्स ऑफ़िस पर धमाल मचाएगी

मौनी रॉय ने खुद को एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है जो कभी भी किसी ऐसे रोल के लिए मना नहीं करती जो उन्हें प्रदर्शन करने का पूरा मौक़ा देती हो। और उन्होंने अपनी बॉलीवुड डेब्यू गोल्ड और फिर ब्रह्मास्त्र में उन्होंने जो जुनून का नकारात्मक किरदार निभाकर खुद को साबित किया है।

अब वह द भूतनी के साथ बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार, जिसमें वह मोहब्बत नाम की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, मौनी इस फ़िल्म में संजय दत्त के साथ अपोजिट नज़र आएंगी, जो इस फ़िल्म में एक भूत भगाने वाले की भूमिका निभा रहे हैं। जो कोई यह सोच रहा है कि अभिनेत्री वही किरदार क्यों निभा रही हैं, जो वह पहले छोटे और बड़े पर्दे पर निभा चुकी हैं, तो हम आपको बताते हैं कि इस फिल्म का दर्शकों पर असर इसी कारण से होगा–मौनी और उनकी सुपरनेचुरल पात्रों पर पकड़, और जिस कुशलता से वह इन किरदारों को निभाती हैं, जिससे वे दर्शकों से जुड़ जाते हैं और साथ ही अपनी उपस्थिति से उन्हें आकर्षक भी बनाती हैं।

नागिन सीजन 1 और 2 में इच्छाधारी नागिन शिवन्या और शिवांगी के किरदारों ने मौनी को प्रसिद्धि और पहचान के एक नए स्तर पर पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने ब्रह्मास्त्र में खलनायिका जुनून का किरदार निभाया। अपनी आगामी रिलीज में भूत मोहब्बत के रूप में उनकी भूमिका उनके करियर का तीसरा सुपरनेचुरल किरदार है। मौनी ने यह साबित कर दिया है कि वह जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें विविधता लाती हैं।

उनके सुपरनेचुरल पात्रों में कभी भी समानता नहीं होती और हर बार कुछ न कुछ नया होता है! भूतनी ट्रेंडिंग हॉरर-रोम-कॉम जॉनर की फिल्मों की लंबी सूची में एक और फिल्म है! मौनी पहले ही बता चुकी हैं कि कैसे फैंटसी-काल्पनिक शैली पलायनवाद के रूप में काम करती है।

यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि इस फिल्म के पक्ष में एक बहुत बड़ा रिलेटैबिलिटी फैक्टर काम करेगा - भारत एक ऐसा देश है, जहाँ अद्भुत और रहस्यमयी पात्रों से जुड़ी लोककथाएँ प्रचुर मात्रा में हैं। और व्यक्तिगत विश्वासों से परे, हर कोई खुद को एक अच्छा फिक्शन पसंद करता है, है न? मौनी रॉय इस थ्रिलर में दिग्गज अभिनेता संजय दत्त के साथ सनी सिंह, पलक तिवारी, आसिफ खान और बेयूनिक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नज़र आएंगी, जिसे इसके ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही बेहतरीन समीक्षा मिली थी।

द भूतनी 18 अप्रैल को रिलीज़ होगी। इस फिल्म के बाद, मौनी रॉय निर्देशक फारुक कबीर के साथ सलाकार में नज़र आएंगी। इस फिल्म में उनकी भूमिका बहुत ही आशाजनक होने का अनुमान लगाया जा रहा है जिसमें अभिनेत्री, एंटरप्रेन्योर और फैशनिस्टा को पहले कभी न देखे गए अवतार में देखा जाएगा!

# तारा सुतारिया ने सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया

**बॉलीवुड** अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने घर पर सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया। सप्ताहांत के लिए मेन्यू में जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव के बिस्तर पर परोसा गया मेमना, बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल, स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद के साथ हनी बाल्समिक ड्रेसिंग और चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ प्रॉन स्पेगेटी शामिल थे। तारा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, घर पर शनिवार को मैंने बहुत सारा बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल पकाया ( तस्वीर में नहीं है क्योंकि हमने इसे किसी के फोटो खींचने से पहले ही खा लिया!) स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद शहद बाल्समिक ड्रेसिंग के साथ और पिया ने चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ एक प्यारा प्रॉन स्पेगेटी बनाया!



सीफूड और हमारे सबसे पुराने दोस्तों के साथ शानदार व्हाइट ग्लास... इससे ज्यादा और क्या चाहिए। अभिनेत्री ने कहा, आखिरी तस्वीर में मैंने पहली बार पकाए गए लैम का एक बेहतरीन लेग पीस दिखाया है। जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव की परत पर परोसा गया, यह लाजवाब था। इससे पहले, तारा ने खुशी के बारे में अपने विचार बताए।

**दुआ के जन्म के बाद पहली बार एक साथ**

# स्क्रीन पर दिखे दीपिका-रणवीर

बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी में से एक दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपनी बेटी दुआ के जन्म के बाद पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आए। दीपिका और रणवीर एक एयर कंडीशनर के विज्ञापन में साथ नजर आए। विज्ञापन को शेयर करते हुए ब्रांड ने लिखा, गुड लुक्स, गुड लुक्स और गुड लुक्स।



विज्ञापन में रणवीर कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कैसे उनकी पार्टी में मेहमान दीपिका के खाने या कहानियों के बजाय उनके एयर कंडीशनर का आनंद ले रहे थे। जब दीपिका नाराज होती हैं तो रणवीर उन्हें यह कहकर मना लेते हैं कि उन्होंने वास्तव में उनके लिए ही एसी खरीदा था। दीपिका और रणवीर को आखिरी बार रोहित शेट्टी की पुलिस सिंघम अगेन में एक साथ देखा गया था। इस फिल्म में दीपिका ने शक्ति शेट्टी उर्फ ??लेडी सिंघम का किरदार निभाया था, जबकि रणवीर ने सिम्बा की अपनी भूमिका दोहराई थी। इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी थे। इससे पहले इन दोनों को गोलियों की रासलीला राम-लीला (2013), बाजीराव मस्तानी (2015), पद्मावत (2018) और 83 (2021) में साथ देखा गया था। जहां उनकी केमिस्ट्री को फिल्म प्रेमियों ने काफी सराहा था।

इतना ही नहीं, इन दोनों ने फाइंडिंग फैनी (2014) और सर्कस (2023) में कैमियो भी किया। कुछ समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद दीपिका और रणवीर ने आखिरकार 2018 में शादी कर ली।



# 'इंडियन आइडल 15' की ट्रॉफी मानसी घोष के नाम

**जीतने पर मिली चमचमाती कार**

'इंडियन आइडल सीजन 15' की ट्रॉफी मानसी घोष ने उठा ली है। रविवार 6 अप्रैल को इसका फाइनल हुआ। प्रतियोगियों ने अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी। मानसी के जीत की घोषणा इंडियन आइडल के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी की गई।

### मानसी घोष को दी बधाई

इंडियन आइडल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर विजेती की घोषणा करते हुए उन्हें बधाई दी। ट्वीट में लिखा, 'इंडियन आइडल सीजन 15 जीतने पर मानसी घोष को बहुत-बहुत बधाई! क्या आवाज है, क्या सफर है! वाकई काबिल-ए-तारीफ आपने हर प्रदर्शन को यादगार बनाया।'

सुभाजीत और स्नेहा शंकर को दी मात

मानसी ने अपनी भावनात्मक और दमदार गायकी के दम पर साथी फाइनलिस्ट सुभाजीत चक्रवर्ती और स्नेहा शंकर को हराया। उनके लगातार प्रदर्शन और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता ने उन्हें शीर्ष स्थान हासिल करने में मदद की। शो जीतने पर उन्हें एक नई कार भी मिली।

### 'इंडियन आइडल सीजन 15' का सफर

'इंडियन आइडल सीजन 15' अक्टूबर 2024 में शुरू हुआ और पांच महीने तक चला। इस दौरान शो में कई प्रतियोगियों ने अपने सुरों के जादू बिखेरे। अंत में तीन प्रतियोगी फाइनल तक पहुंचे। अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत मानसी घोष ने शो अपने नाम किया।

मानसी की जीत पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मानसी घोष कितनी शानदार गायिका हैं, वह सच्ची भारतीय रॉक स्टार हैं, उन्होंने अपने ही अंदाज में उनके सामने लिविंग लीजेंड सुखविंदर जी का गाना गाया और उन्हें अपने साथ गाने के लिए कहने पर मजबूर कर दिया, वाह, वह विजेता हैं।

# शिवाजी साटम ने 27 साल बाद CID छोड़ा

भारतीय टेलीविजन के इतिहास का एक अध्याय समाप्त हो गया है। 27 साल तक सीआईडी में प्रतिष्ठित एसीपी प्रद्युमन की भूमिका निभाने वाले शिवाजी साटम ने आधिकारिक तौर पर शो छोड़ दिया है। सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि पोस्ट के साथ इस खबर की पुष्टि की, इसे एक युग का अंत कहा।

इस खबर ने प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया। कई लोगों के लिए, एसीपी प्रद्युम्न सिर्फ एक किरदार नहीं था, बल्कि न्याय और ताकत का प्रतिनिधित्व था। प्रसिद्ध कैचफ्रेज़ दया, दरवाजा तोड़ दो से लेकर न्याय के प्रति उनकी अविश्वसनीय प्रतिबद्धता तक, प्रद्युम्न एसीपी के रूप में पहचाने जाने लगे, उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक यह भूमिका निभाई। हाल ही में एक



एपिसोड में साटम के किरदार की कथित तौर पर एक अपराधी का पीछा करते हुए बम विस्फोट में फंसने के बाद मौत हो गई थी। हालांकि उस दृश्य में वास्तविक मौत नहीं दिखाई गई, लेकिन सोनी के आधिकारिक शोक संदेश में यह स्पष्ट कर दिया गया।

### शिवाजी साटम ने क्यों छोड़ा शो?

साटम के अनुसार, यह बस एक ब्रेक का समय था। एक न्यूज़वायर के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, उन्होंने कहा, मैं इस समय शूटिंग नहीं कर रहा हूँ। मैंने कुछ समय के लिए ब्रेक लिया है। अगर मेरा ट्रैक खत्म हो गया है, तो कोई बात नहीं। मैंने इसके साथ शांति बना ली है। जबकि प्रशंसकों को उम्मीद थी कि इसका मतलब है कि वह बाद में वापस आएँगे, सोनी की श्रद्धांजलि इसके विपरीत बताती है।

उनकी जगह कौन लेगा?

हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि पार्थ समथान नए एसीपी की भूमिका में आ सकते हैं।

# कपिल शर्मा ने 'राम नवमी' पर शेयर किया 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर




**अभिनेता-कॉमेडियन** कपिल शर्मा ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में कपिल शर्मा और उनकी दुल्हन बनी को-एक्टर मंडप में दिखाई दे रही हैं। दोनों अपने हाथ जोड़कर प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री का आधा चेहरा घूंघट से ढका हुआ है, जबकि कपिल ऊपर भगवान की ओर देख रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे वह किसी मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हों। पोस्टर में जहां कपिल के चेहरे पर तनाव दिख रहा है, वहीं अभिनेत्री के चेहरे की रेखाएं सुखद भावनाओं की ओर इशारा कर रही हैं। कपिल ने कैप्शन में लिखा, आप सभी को श्री राम नवमी की शुभकामनाएं। आखिरी बार कपिल शर्मा फिल्म 'क्रू' में कैमियो करते नजर आए थे। इस फिल्म में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन भी थीं। 2015 में 'किस किसको प्यार करूं' का निर्देशन करने वाली निर्देशक जोड़ी अब्बास-मस्तान ने इस बार लेखक अनुकूल गोस्वामी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है।

समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# लोधी राजपूत जनकल्याण समिति ने मेयर प्रवीण बत्रा जोशी का स्वागत किया

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** लोधी राजपूत जनकल्याण समिति (रजि) फरीदाबाद के सहयोग से लोधी राजपूत समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा फरीदाबाद नगर निगम की नवनिर्वाचित मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी की प्रचण्ड जीत के लिए उनका गुलदस्ता व मिठाई भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर समिति ने श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी को अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की एक तस्वीर सम्मान स्वरूप दी।



समिति के संस्थापक महासचिव लाखन सिंह लोधी ने मेयर श्रीमती जोशी को बताया कि एन.एच.दो-तीन के चौक पर 16 अगस्त 2016 को केन्द्रीय राज्य मंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से इस चौक का नामकरण अवंती बाई लोधी चौक पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश दीदी उमाश्री भारती के कर कमलों द्वारा किया गया था। उसी समय से समिति के द्वारा इस चौक की नि:शुल्क देखभाल की जा रही है और भविष्य में इसी प्रकार जारी रहेगी। सरकार द्वारा लगभग क्षेत्र में यहां पर सभी चौक, चौराहे, पार्कों का सौन्दर्यीकरण पूरा हो चुका है। समाज आपसे निवेदन करता है कि इस चौक का भी सौन्दर्यीकरण अतिशीघ्र कराया जाए। चौक-चौराहे किसी भी क्षेत्र की सुन्दरता में अद्वितीय भूमिका निभाते हैं। हमें आशा नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप इस चौक का सौन्दर्यीकरण अतिशीघ्र करायेंगी। समिति-समाज की ओर आपका आभार एवं धन्यवाद।

इस अवसर पर मुख्य रूप से लाखन सिंह लोधी, रूपसिंह लोधी, धर्म पाल सिंह लोधी, जागेश्वर राजपूत, होती लाल लोधी, राजेश वर्मा, नंदकिशोर लोधी, कुंवरपाल सिंह लोधी, शंकर लाल लोधी, बलवीर सिंह लोधी, ओमप्रकाश लोधी, भुजवीर सिंह लोधी, प्रशांत कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, पप्पू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बल्लभगढ़ अनाज मंडी में किसनों के लिए खोली गई कैंटीन रुपए 10 में मिलेगी थाली

## विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने थाली खरीद चखा खाने का स्वाद

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** अनाज मंडी में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला परिषद फरीदाबाद द्वारा किसानों के लिए कैंटीन का मुहूर्त हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री और बल्लभगढ़ से विधायक पंथ मूलचंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा सरकार को बधाई दी और कहा कि किसानों की हितैषी हरियाणा सरकार ने मंदिरों में किसानों के लिए 10 में उपलब्ध कराने के लिए कैंटीन खोलना का जो कार्य किया है वह बेहद सराहनीय है।




बता दे कि यह कैंटीन संघर्ष महिला कलेक्टर महासंघ बल्लभगढ़ द्वारा संचालित की जाएगी किसानों को दी जाने वाली या खाली लगभग 25 रुपए में पड़ती है जिसे सिर्फ 10 में ही किसानों को दिया जाएगा बाकी पैसा सरकार उठाएगी। बल्लभगढ़ मंडी में पहुंचने मंडी के सचिव इंद्रपाल सहित आढ़तियों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री पंथ मूलचंद शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कैंटीन का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस मोके पर विधायक मूलचंद शर्मा ने खुद थाली ख़रीदी और उसका स्वाद भी चखा। यह कैंटीन गेहूं के समय में 2 महीने और धान के आवक के समय लगभग साढ़े 3 महीने खुलेगी। इस मौके पर महावीर सैनी, काले प्रधान ,महेंद्र वैष्णव,अनूप नागर सहित आढ़ती और संघर्ष महिला कलेक्टर महासंघ से जुड़े सभी सदस्य गण मौजूद रहे।

# बल्लबगढ़-झाडसैंतली सरकारी प्ले स्कूल में रेडीनस मेला आयोजित




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाएं व बच्चों के कल्याण के लिए बहुउद्देशीय योजनाओं का लाभ देने के लिए समय समय पर शहरी एवम्‌ ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन भी कर रहा है। इस उपलक्ष में विभाग द्वारा बल्लबगढ़ क्षेत्र के गांव झारसैंतली प्ले स्कूल में स्कूल रीडीनस मेले का आयोजन की तैयारी में प्ले स्कूल अध्यापिका पूनम, व सहायक अध्यापिका सुदेश ने किरदार निभाया। मेले का शुभारंभ मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय झारसैंतली की मुख्य अध्यापिका मीनाक्षी जैन के कर कमलों द्वारा किया गया। मीनाक्षी जैन ने विभाग की योजनाओं की सराहना करते हुए रीडीनस मेले में आए सभी अभिभावकों को विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने बच्चों को इन सभी योजनाओं का लाभ अवश्य दिलाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के पालन पोषण के साथ-साथ सरकारी प्ले स्कूल में बच्चों को खेल खेल में शिक्षा देने का व प्रोत्साहित राशि का भी प्रावधान भी रखा गया है कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी उठा सके बच्चों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग से झाड़सेंतली प्ले स्कूल रेडीनस मेले को सफल बनाने के लिए विशिष्ट अतिथि सुनीता रावत सुपरवाइजर ने भी अपने विचारों में प्ले स्कूल की सुविधाओं का सभी अभिभावकों को जागरूक किया।

आयोजन में 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों का पालन पोषण कैसे किया जाए यह सभी जानकारी दी प्राइवेट स्कूल से ज्यादा सरकारी प्ले स्कूल में विभिन्न प्रकार की सुविधा अवगत कराई जाती हैं इन सुविधाओं का अपने-अपने बच्चों को लाभदिलाना चाहिए। स्कूल रीडीनेस प्रोग्राम में आए हुए विशिष्ट अतिथि सुनीता रावत के साथ सुनीता व प्रीति ने भी आयोजन में भाग लिया।

# पुलिस उपयुक्त कुलदीप सिंह ने थाना सारन का निरीक्षण किया मीटिंग में दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त एनआईटी द्वारा थाना सारन का निरीक्षण कर क्राइम रिव्यू मीटिंग ली गई, इस दौरान प्रबंधक अफसर थाना सहित अनुसंधान अधिकारी मीटिंग में उपस्थित रहे।

पुलिस उपायुक्त एनआईटी द्वारा थाना प्रबंधक सारन को निर्देशित किया गया कि ई.आर.वी. व राईडर की अधिक से अधिक गस्त सुनिश्चित की जाये। दोपहिया/चौपहिया वाहनों की लगातार चेकिंग की जाकर शरारती किस्म के व्यक्तियों व नौजवानों की विशेष चेकिंग की जाए। मॉल/मार्किट एरिया में पार्किंग की व्यवस्था दुरूस्त कराई जाये। उन्होंने कहा कि कोई भी पुलिस कर्मचारी किसी भी कार्य के बदले कोई भी उपहार इत्यादि ना ले, ईमानदारी से ड्यूटी करें अगर किसी के विरुद्ध ऐसी कोई शिकायत प्राप्त होगी तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

महिला विरुद्ध अपराधों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, किसी भी पीडति महिला की शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेकर उसकी सहायता की जाये। स्कूल /कॉलेजों की छुटी के समय लगातार गस्त की जाये। जिन स्थानों पर अधिक अपराध घटित होते हैं ऐसे स्थानों को चिन्हित कर पुलिस गस्त बढ़ाई जाये।

# शहर भर में निकाली सांई पालकी यात्रा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** सांई राम आसरा ट्रस्ट की ओर से रविवार को रामनवमी पर्व के दौरान शहर भर में बैंड बाजों के साथ सांई पालकी यात्रा निकाली गई। ट्रस्ट की अध्यक्ष एडवोकेट राखी चौहान ने बताया कि सांई पालकी यात्रा रविवार सुबह 10 बजे भाटिया कॉलोनी से शुरू हुई। यात्रा को नगर निगम पार्षद रश्मि दीपक यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। बैंड बाजे के साथ यह यात्रा अग्रसेन चौक, गुप्ता होटल चौक, आंबेडकर चौक व मेन बाजार से होते हुए वापिस भाटिया कॉलोनी पहुंची। जहां पर सांई संध्या का आयोजन हुआ। इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। यात्रा में एडवोकेट बृजमोहन वशिष्ठ, रूबी रॉय, राजकुमारी, वंदना, सिमरन, महेश शर्मा, संजय चौहान, रणपाल, लोकेश चौहान, विशाल व गिरीश कुमार आदि शामिल रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**बल्लबगढ़।** श्री राधे योग ग्रुप द्वारा सिटी पार्क बल्लभगढ़ में हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल 2025 को भव्य सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन किया रहा है। प्रात: 5:00 बजे से सुन्दरकांड व भजन प्रात: 9 बजे से भंडारे का वितरण किया जाएगा। संस्था की तरफ से सभी धर्म प्रेमियों से अपील की ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और इस धार्मिक आयोजन में भाग ले।

# ईंट भट्ठे पर रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री और लेखन सामग्री का किया वितरण

**शिक्षा के प्रचार प्रसार में रोटी बैंक तत्पर करेगी हर संभव सहायता: डॉ. अशोक कुमार वर्मा**




**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा लाडवा सड़क पर स्थित मथाना के ईंट भट्ठे पर रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य एवं लेखन सामग्री वितरित की गई। इससे पूर्व भी रोटी बैंक झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को शिक्षा के प्रचार प्रसार में सहायता कर रही है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र के ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है जहां पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र छात्राओं को लेखन सामग्री, पुस्तकें और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की जा रही हैं। आज रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी, उप प्रधान पंकज ठकराल, महासचिव कर्म चंद और रोटी बैंक के अंकेक्षक डॉ. एम एम सिंह ईंट भट्ठों पर पहुंचे और स्कूल बैग एवं अन्य लेखन सामग्री वितरित की। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि वितरण करना है। लेकिन पिछले दिनों रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा ही फरीदाबाद से विद्यार्थियों को जूते आदि वितरण का कार्य आरम्भ किया गया था जो अब कुरुक्षेत्र में भी आरम्भ किया गया है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। डॉ. वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक की स्थापना सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहेब द्वारा 2017 में की गई थी।

**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट**
**संपर्क करें: 9811153271**







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |

फार्मा में 35+ सालों का अनुभव | NABL लैब द्वारा प्रमाणित प्रोडक्ट्स | सभी प्रोडक्ट्स WHO सर्टिफाइड प्लांट्स में निर्मित | 2000+ प्रोडक्ट्स उपलब्ध
Khadi India के सभी प्रोडक्ट्स उपलब्ध
1000+ Stores | 200+ Districts | 26 States
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे 9811153271

